नेशनल प्रेस टाइम्स
नई दिल्ली, सोमवार
24 फरवरी 2025
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 338 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579



## 41 दिनों में 23 दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान
## दुनिया के 50% से ज्यादा सनातनियों ने लगाई डुबकी



प्रयागराज । महाकुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। स्नानार्थियों की संख्या 60 करोड़ पार पहुंच गई है। दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने महाकुंभ में डुबकी लगाई है।

संगम पर शनिवार को भी आस्था हिलोर मारती दिखी। हर मार्ग पर श्रद्धालुओं का रेला दिखा। आस्था के जनज्वार का अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि दिन में 12 बजे तक ही 71 लाख से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके थे। शाम आठ बजे तक 1.43 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। मेले में 23 दिन अब तक ऐसे रहे जब एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई।

महाकुंभ के समापन में अब महज चार दिन शेष हैं। इसके अलावा साप्ताहिक अवकाश है। ऐसे में शनिवार को अधिक भीड़ की उम्मीद पहले से थी और इसकी झलक भी शुक्रवार शाम को ही दिख गई थी। श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुक्रवार रात से ही शुरू हो गया।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में संगम स्नान को उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला – फोटो : अमर उजाला

शनिवार की सुबह तो हर प्रमुख मार्ग पर लोग दिख रहे थे। मेला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को दिन में 12 बजे तक 71.18 लाख लोग स्नान कर चुके थे। वहीं, शुक्रवार तक कुल 59.31 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। इस तरह शनिवार को स्नानार्थियों की संख्या भी 60 करोड़ पार हो गई।

पौष पूर्णिमा स्नान के साथ 13 जनवरी को महाकुंभ की शुरूआत हुई थी। इस तरह से शनिवार तक 41 दिन हो गए। खास यह कि तारीख आगे बढ़ने के साथ संगम में डुबकी को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया।

शेष पेज 2 पर

# कुछ नेता विदेशी ताकतों से मिलकर देश-धर्म को कमजोर कर रहे: मोदी

छतरपुर। प्रधानमंत्री मोदी ने छतरपुर के बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की नींव रखी, एकता व संस्कृति पर जोर दिया, आयुष्मान योजना व सस्ती दवाइयों की बात की, और धीरेंद्र शास्त्री की बारात में आने का वादा किया।

मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। वे यहां बनने वाले कैंसर अस्पताल की नींव रखने आए थे। उन्होंने करीब 35 मिनट जनता को संबोधित किया। इस दौरान विपक्ष पर हमला बोला, धीरेंद्र शास्त्री की तारीफ की और उनकी मां से भी मुलाकात भी की।

कुछ लोग हैं, जो हमारी संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं

पीएम मोदी ने बुंदेलखंडी में बोलकर अपने भाषण की शुरूआत की। मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड आने का सौभाग्य मिला है। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान दस एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही 100 बेड की सुविधा होगी। मैं इस काम के लिए धीरेंद्र शास्त्री को बधाई देता हूं। भाइयों बहनों नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है। और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए लोग हमारे मठ, मान्यताओं और मंदिरों पर, संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व, परंपरा और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है उस पर ये कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही उनका मकसद है।



**शास्त्री दे रहे एकता का मंत्र**

मोदी ने कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं।

अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। इस कैंसर संस्थान के निर्माण की जिम्मेदारी। यानी अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। मोदी ने कहा कि साथियों हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम ये एक ओर पूजन और साधना के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चिंतन, सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया, योग का विज्ञान दिया, जिसका परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। अर्थात दूसरों की सेवा ही धर्म है।

शेष पेज 2 पर

## आप की बैठक में आतिशी के नाम पर लगी मुहर, दिल्ली विधानसभा को मिली पहली महिला 'नेता प्रतिपक्ष'



दिल्ली । आतिशी के दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर गोपाल राय ने कहा, 'आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आतिशी ने चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।'

पूर्व मुख्यमंत्री और आप की वरिष्ठ नेता आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता की भूमिका निभाएंगी। रविवार को आप कार्यालय में विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से उन्हें विपक्ष का नेता चुना। बता दें, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ सशक्त महिला चेहरे के तौर पर आतिशी का नाम प्रस्तावित किया गया था। आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की पहली महिला नेता होंगी।

शेष पेज 2 पर

# कोहली के 'विराट' शतक से जीता भारत

## हार के साथ पाकिस्तान टूनार्मेंट से लगभग बाहर

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में मुकाबला खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे।



भारत को 223 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने हार्दिक पांड्या को विकेटकीपर रिजवान के हाथों कैच कराया। वह आठ रन बना सके। भारत को 60 गेंद में 19 रन की जरूरत है। विराट कोहली को शतक बनाने के लिए 14 रन की जरूरत है। उनके साथ अक्षर पटेल क्रीज पर हैं।

भारत को 214 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस ने कोहली के साथ 114 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल कोहली और हार्दिक क्रीज पर हैं। कोहली 51वें शतक के करीब हैं। भारत को जीत के लिए 20 रन चाहिए और कोहली को शतक के लिए 15 रन चाहिए।

37 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 201 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 81 रन और श्रेयस अय्यर 50 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 78 गेंद पर 41 रन की जरूरत है। श्रेयस ने वनडे करियर का 21वां अर्धशतक लगाया।

35 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 189 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 71 रन और श्रेयस अय्यर 48 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को जीत के लिए 90 गेंद पर 53 रन की जरूरत है।

शेष पेज 2 पर

## सभी राजनीतिक दलों को बंगाल में एनआरसी लागू करने का समर्थन करना चाहिए : सुवेंदु अधिकार



कोलकाता । भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि घुसपैठ जैसे मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटने और जनसांख्यिकी में बदलाव से बचने के लिए सभी राजनीतिक दलों को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने का समर्थन करना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा शासित राज्य राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने के पक्ष में हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार का इससे इनकार करना, हैरान करने वाला है और यह घुसपैठ रोकने के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, देखिए कि अंसारुल्ला बांग्ला जैसे बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन बंगाल के जिलों में कैसे अपना आधार फैला रहे हैं। देखिए कि कैसे जनसांख्यिकी बदल रही है, खासकर सीमावर्ती जिलों में।'।

शेष पेज 2 पर

### अमेरिका से एक और विमान आया भारत

# इस बार दिल्ली में लैंड हुए 12 भारतीय, चार पंजाब के

**नई दिल्ली** । अमेरिका से पनामा भेजे गए 12 अवैध अप्रवासियों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा।

अमेरिका से लगातार वहां गैर कानूनी ढंग से रह रहे भारतीयों को रिपोर्ट किया जा रहा है। यह सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। अमेरिका से पनामा भेजे गए 12 अवैध अप्रवासियों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इमसें चार लोगों पंजाब के हैं। जिनमें से एक बटाला, एक गुरदासपुर, एक



जालंधर और एक चंडीगढ़ का है। खास बात यह है कि इस बार इनकों अमेरिका ने खास विमान नहीं बल्कि आम प्लेन से भेजा है। इन सभी से भारतीय सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

अमेरिका अब तक तीन सैन्य विमानों के जरिए 332 भारतीयों को भारत भेजा है और आज आम विमान से 12 भारतीयों को भेजा है। इस तरह इनकी संख्या 344 हो गई है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लाने वाली पहली फ्लाइट 5 फरवरी को भारत के अमृतसर में लैंड हुई। तब इसमें 104 लोग सवार थे, जिनमें 30 पंजाबी थे।

शेष पेज 2 पर

### यूपी ■ कांग्रेस और सहयोगी दलों के साथ ही चुनाव में उतरेगी सपा

# सीट देने को लेकर किए ये संकेत

लखनऊ । 2027 में होने वाले यूपी विधानसभा चुनावों को सपा इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी। यह अलग बात है कि सीट देने के मामले में वह अधिक उदारता नहीं दिखाएगी।

समाजवादी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत ही लड़ेगी। कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के साथ कदम आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। हालांकि, इस बार विधानसभा चुनाव में सहयोगी दलों के लिए सपा अधिक सीटें नहीं देगी।

विभिन्न राज्यों में इंडिया गठबंधन के समाप्त होने का एलान हो रहा है। राजद, नेशनल कॉन्फ्रेंस और तृणमूल कांग्रेस के नेता गाहे-बगाहे इस तरह के बयान देते रहे हैं। लेकिन, सपा अध्यक्ष अखिलेश




यादव ने अभी तक इस तरह के बयानों से न सिर्फ खुद को अलग रखा है, बल्कि यह भी कहा है कि आने वाले समय में इंडिया गठबंधन और मजबूत दिखेगा।

हालांकि, इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस की उदासीनता कुछ सपा नेता भी ठीक नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि गठबंधन की औपचारिक बैठकों में भी कांग्रेस के रुचि नहीं है। दिल्ली में जो समन्वय समिति बनाई गई थी, वो भी निष्क्रिय है। फिर भी यूपी के आगामी चुनाव को देखते हुए गठबंधन बरकरार रखना ही सही रणनीति होगी। इससे भाजपा विरोधी मतों के विभाजन को रोका जा सकेगा। साथ ही जनता में यह संदेश भी दिया जा सकेगा कि विपक्षी गठबंधन भी मजबूत स्थिति में है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने पहले से ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा सरकार की ओर से लिए जाने वाले तमाम निर्णयों को थाम दिया है।

सपा सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस एक के बाद एक राज्यों के चुनाव हार गई है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के अनुभव बताते हैं कि राज्यों में जीत पाना कांग्रेस के लिए दूर की कौड़ी है। इसलिए यूपी में भी पार्टी अधिकांश सीटों पर खुद ही लड़ेगी। सहयोगी दलों के लिए बमुश्किल 40-45 सीटें ही छोड़ सकती है।

# असम के तेजपुर में भारतीय इतिहास संकलन समिति , असम का 35 वां राज्य सत्र आयोजित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



असम, 23 फरवरीः असम के तेजपुर के नपामस्थित तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय में भारतीय इतिहास संकलन समिति , असम का 35 वां राज्य सत्र आयोजित किया गया था। असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी सत्र के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि थे, जिसका उद्घाटन अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत धींग मजूमदार ने किया। इसके अलावा अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन के सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय, पद्मश्री से सम्मानित डॉ. मंगल सिंह हजवारी, इतिहास संकलन समिति, असम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. स्वाधीनता महंत, तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. कैलाश चंद्र बिस्वाल, विश्वविद्यालय के कला गुरु डॉ. चंदन कुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा सहित कई विशेष व्यक्तियों ने बैठक में भाग लिया । राष्ट्रीय संगोष्ठी तेजपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहयोग से किया गया था। संगोष्ठी का विषय ₹भक्तिकाव्य के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य₹ था। सोनितपुर जिला समिति के अध्यक्ष डॉ रणेन्द्र मोहन डेका द्वारा स्वागत भाषण दिये गये बैठक का संचालन किया भारतीय इतिहास संकलन समिति , असम प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र अधिकारी ने किया। डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय ने बीज वक्ता के रूप में एक मजबूत भाषण दिया। असम विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्राचीन प्रागज्योतिषपुर, सोनितपुर और तेजपुर के इतिहास के महाभारत संबंधों को बहुत ही सरल और रसदार तरीके से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय ने डॉ. निरंजन दास और सदानंद दास द्वारा संपादित ₹उन्मेषणा₹ का अनावरण किया। बिस्वजीत दैमारी ने प्रणब ज्योति दास और डॉ. दुलाल चंद्र दास द्वारा संपादित संस्मरण हारुपेश्वर का विमोचन किया। डॉ मुकुल चंद्र बोरा द्वारा लिखित Rebirth of B h a r a t i y a Knowledge : Journey Towards Vishwa Guru" पुस्तक का विमोचन पद्मश्री पुरस्कार विजेता, साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता डॉ. मंगल सिंह हजवारी ने और Five streams of Social Awareness"नाम के डॉ. नीलांजन डे द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत ढींग मजूमदार ने किया। शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना का पाठ करने के दौरान प्रख्यात गायिका दुर्गामयी बोरा ने बोरगीत एवं डॉ. धुंडीराज उपाध्याय ने संकल्प मंत्र का पाठ किया। उद्घाटन समारोह से पहले भारतीय इतिहास संकलन समिति, असम के तहत शोणितपुर जिले के दिवंगत पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई।

# ..ताकि न मचे इस बार भगदड़ः नई दिल्ली स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, लगी लंबी कतार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




नई दिल्ली । रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों की सुविधा के लिए बने प्रतीक्षालय में दिन-प्रतिदिन सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव हो सके।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीते दिनों हुए भयावह हादसे के बाद रेलवे प्रशासन ने सबक लिया है। रविवार को अमर उजाला ने रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के इंतजामों की पड़ताल की। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद दिखी। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर के चारों ओर बेरिकेड्स लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। साथ ही सुरक्षाबलों की टुकड़ी भी मुस्तैद दिखी। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए प्रशासन ने यात्रियों को कतार में खड़ा किया हुआ था, ताकि दोबारा ऐसा कोई हादसा न घटित हो जाए।

सुरक्षाकर्मियों की ओर से फुटओवर ब्रिज पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। लोगों को एक जगह या फुटओवर ब्रिज पर खड़े होने से रोका जा रहा था। यात्री की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने शाम चार टिकट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, ताकि अनावश्यक भीड़ को रोका जा सके। दूसरी और लंबी कतार होने के चलते यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को हुई। कुछ यात्री अव्यवस्था की शिकायत करते भी नजर आए। लेकिन प्रशासन हालात पर काबू पाया हुआ था।

**प्रतीक्षालय में यात्रियों की सुविधा का विस्तार**

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों की सुविधा के लिए बने प्रतीक्षालय में दिन-प्रतिदिन सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव हो सके। ऐसे में हाल में टिकट काउंटर और कियोस्क की संख्या बढ़ाई गई है, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों में खड़े होने की परेशानी नहीं हुई। इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन के समय और प्लेटफार्म नंबरों के बारे में जानकारी देने के लिए बोर्ड भी लगाए गए हैं। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है और उन्हें गेट नंबर 12 से प्रवेश दिया जा रहा था, ताकि प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर अधिक भीड़ न हो।

चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजामों के बीच स्टेशन के टिकट काउंटर के पास कुछ लोग टिकट की कालाबाजारी कालाबाजारी करते नजर आए। यात्रियों की शिकायत रही कि कांउटर पर कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहा है, जबकि बगल में कुछ लोग अतिरिक्त पैसों की मांग करते हुए सीट दिलाने का वायदा कर रहे हैं। एक हजार के टिकट की बोली चार हजार तक में लग रही है। इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे की जांच टीम तैनात है। स्टेशन पर जांच भी की जा रही है। जो लोग इस तरह की शरारत करते मिल रहे हैं, उन पर कार्रवाई भी हो रही है।

## पेज एक का शेष...

### कुछ नेता विदेशी ताकतों से मिलकर देश-धर्म को कमजोर कर रहेः मोदी

इसलिए नर में नारायण, जीव मे शिव, इस भाव से जीवमात्र का सेवा, यही हमारी परंपरा रही है।

महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप से प्रेरणा देता रहेगा –आजकल हम देख रहे हैं, महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। संतों के दर्शन किए हैं। अगर इस महाकुंभ की तरफ नजर करें तो सहज भाव उठ जाता है ये एकता का महाकुंभ है। आने वाली सदियों तक 144 वर्ष के बाद हुआ ये महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप से प्रेरणा देता रहेगा और देश की एकता को मजबूती देने का अमृत परोसता रहेगा। लोग सेवाभाव से लगे हैं, जो भी कुंभ में गया है, एकता के दर्शन तो किए हैं, लेकिन जिन–जिनसे मेरा मिलना हुआ है, दो बातें महाकुंभ में गए हुए हर व्यक्ति के मुंह से हिंदुस्तान के कोने–कोने से सुन रहा हूं। एक स्वच्छता कर्मियों के गुणगान कर रहे हैं। चौबीसों घंटे जिस सेवाभाव में एकता के महाकुंभ में स्वच्छता कार्य को संभाल रहे हैं, मैं उन सभी को आदरपूर्वक नमन करता हूं।

मेरा संकल्प इलाज का खर्च कम करूंगा –मैं आपकी सबकी तरह गरीब परिवार से निकला हूं। मैंने तकलीफों को देखा है, इसलिए संकल्प लिया कि मैं इलाज का खर्च कम करूंगा और आपकी जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसा बचाऊंगा। पांच लाख तक का इलाज बिना किसी खर्च के किसी बेटे को अपने माता–पिता का नहीं करवाना है। दिल्ली में आपका बेटा बैठा है। इसके लिए आपको आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिनका नहीं बना है वो जल्दी बनवा लें। दवाओं का खर्च कम करने के लिए 14 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले हैं। जो दवाई बाजार में 100 रुपए में मिलती है, जन औषधि केंद्र में वहीं दवाई 15–20 रुपए में मिलती है। बहुत बार खबरें आती है, गांव–गांव किडनी की बीमारी काफी फैल रही है। लगातार डायलिसिस करानी पड़ती है। दूर–दूर जाना पड़ता है। खर्च बहुत बढ़ता है। आपकी ये मुसीबत कम हो इसलिए हमने 700 से ज्यादा जिलों में 1500 से ज्यादा डायलिसिस केंद्र खोले हैं। यहां मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।

कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी–बागेश्वर धाम में कैंसर मरीजों के लिए इतना बड़ा अस्पताल खुलने जा रहा है, क्योंकि कैंसर अब हर जगह बड़ी परेशानी बन रहा है। इसलिए आज सरकार, समाज, संत सब कैंसर के खिलाफ लड़ाई में मिलकर प्रयास कर रहे हैं। गांव में अगर किसी को कैंसर हो जाए तो उससे लड़ना कितना मुश्किल होता है। बहुत दिनों तक पता ही नहीं चलता कि कैंसर हुआ है। बुखार और दर्द की दवाई लोग लेते रहते हैं। लोग तांत्रिक के पास चले जाते हैं। जब गांठ दिखती है तब पता चलता है कि कैंसर हुआ है। पता चलते ही घर में मातम छा जाता है। सारे सपने चूर–चूर हो जाते हैं। भाइयों–बहनों कैंसर से सुरक्षा के लिए आपको भी सावधान और जागरूक होना पड़ेगा। समय से कैंसर की पड़ताल हो। एक बार कैंसर फैल गया तो ठीक करना मुश्किल हो जाता है। हम 30 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए अभियान चला रहे हैं। थोड़ी सी भी शंका हो तो जांच करानी है। कैंसर किसी को छूने से नहीं होता है। ये छुआछूत की बीमारी नहीं है। कैंसर का खतरा, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू और मसाले से बढ़ता है। इसलिए कैंसर फैलाने वाले इन सब नशे से आपको दूर रहा है। औरों को भी दूर रखना है। हम सावधानी रखेंगे तो बागेश्वर धाम के कैंसर अस्पताल पर बोझ नहीं बनेंगे। यहां आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस साल के बजट में कैंसर से लड़ने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं, और मोदी ने फैसला किया है कि कैंसर की दवाइयां सस्ती की जाएंगी। अगले 3 सालों में देश के हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे

बुंदेलखंड की पानी का संकट हमने खत्म किया–मोदी ने कहा कि कितनी सरकारें आईं और चली गईं. हर पार्टी के नेता बुंदेलखंड आते थे। यहां पानी की किल्लत बढ़ती ही चली रही। पिछली सरकारों ने क्या किया। अपना वादा पूरा किया? ये काम भी तब शुरू हुआ, जब आपने मोदी को आशीर्वाद दिया। पीने का पानी और उसका संकट दूर करने तेजी से काम हो रहा है। जल जीवन मिशन यानी हर घर जल परियोजना के तहत बुंदेलखंड के घरों में पानी पहुंचाया जा रहा है। गांव में पानी पहुंचे, हमारे किसान भाइयों की आय बढ़े, इसके लिए हम दिनरात मेहनत कर रहे हैं।

तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य–पीएम ने कहा कि भाइयों–बहनों बुंदेलखंड समृद्ध बने, इसके लिए जरूरी है महिलाएं भी उतनी ही सशक्त बनें। इसलिए हमने कई योजनाएं शुरू की हैं। हम तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। बहनों को ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग भी दी जा रही है, यहां सिंचाई का पानी पहुंचेगा। बहनें ड्रोन से फसलों पर छिड़काव करेंगी। वो इससे खेती में मदद करेंगी। तो हमारा बुंदेलखंड समृद्धी की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। गांव में ड्रोन तकनीक से एक और बड़ा जरूरी काम हो रहा है। स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन से जमीन का पैमाइश कराई जा रही है। उसके पुख्ता कागज तैयार किए जा रहे हैं। एमपी में इसे लेकर बहुत अच्छा काम हुआ। अब इन कागजों पर बैंक से आसानी से लोन ले रहे हैं। ये लोन रोजगार–धंधे में काम आ रहा है। लोगों की आय बढ़ रही है। बुंदेलखंड की इस महान की धरती को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए डबल इंजिन की सरकार दिनरात मेहनत कर रही है। मैं बागेश्वर धाम में कामना करता हूं, बुंदेलखंड समृद्धि और विकास की राह पर इसी तरह आगे बढ़ता रहे।

मैं धीरेंद्र शास्त्री की बारात में आने का करता हूं वादा–मोदी ने कहा कि आज मैं हनुमान दादा के चरणों में आया। तो मुझे लगा कि क्या ये धीरेंद्र शास्त्री ही अकेले ही पर्ची निकाल पाएंगे या मैं भी निकाल पाऊंगा। तो मैंने देखा कि हनुमान दादा की मुझ पर कृपा होती है कि नहीं। तो हनुमान दादा ने मुझे आशीर्वाद दिया। तो मैंने पहली पर्ची निकाली, उनकी माताजी पर्ची निकाली। इसकी बात शास्त्रीजी ने बता दी आपको। खैर साथियों ये बहुत बड़ा अवसर है। बहुत बड़ा काम है। संकल्प बड़ा हो, संतों का आशीर्वाद हो, प्रभु की कृपा हो तो संकल्प समय पर पूरा होता है। आपने कहा है कि इसके उद्घाटन के लिए मैं आऊं और दूसरा कहा है कि उनकी बारात में मैं आऊं। तो मैं सार्वजनिक रूप से वादा करता हूं कि दोनों काम कर दूंगा।

### 41 दिनों में 23 दिन एक करोड़ से अधिक ने किया स्नान; दुनिया के 50% से ज्यादा सनातनियों ने लगाई डुबकी

इसका अनुमान इससे ही लगाया जा सकता है कि इन 41 में से 23 दिन एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। इनमें भी सात दिन तो दो करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया।

यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि 26 जनवरी से 22 फरवरी के बीच यानी, 28 में से 21 दिन एक करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया। भीड़ को देखते हुए अगले चार दिनों तक भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

### आप की बैठक में आतिशी के नाम पर लगी मुहर, दिल्ली विधानसभा को मिली पहली महिला नेता प्रतिपक्ष

आतिशी के दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने जाने पर आप नेता गोपाल राय ने कहा, आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आतिशी ने चुनौतीपूर्ण समय में मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।

दिल्ली शराब नीति मामले में पांच महीने जेल में रहने के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के पद से इस्तीफा देने के बाद 43 वर्षीय आतिशी मुख्यमंत्री बनी थीं। केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान वह दिल्ली में आप सरकार का चेहरा बन गईं और कई मुद्दों पर भाजपा और कांग्रेस से भिड़ती दिखीं। आतिशी ने 5 फरवरी के विधानसभा चुनाव में पूर्व भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ करीबी मुकाबले के बाद अपनी कालकाजी सीट बरकरार रखी।

### इस बार दिल्ली में लैंड हुए 12 भारतीय, चार पंजाब के

इसके अलावा 15 फरवरी को 116 और 16 फरवरी को 112 भारतीयों को लेकर भी अमेरिकी सैन्य उड़ानें भारत पहुंची थीं।

तो अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीय दक्षिण अमेरिकी देश कैसे पहुंचे?

अमेरिकी मीडिया की पिछले कुछ दिनों की रिपोर्ट्स को देखा जाए तो सामने आता है कि अमेरिका तीन अलग–अलग देशों से एक समझौता कर चुका है। इसके तहत अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को पहले दूसरे देश में रखा जा रहा है, जो कि ट्रांजिट पॉइंट के तौर पर तय किया गया है। यह देश निर्वासित प्रवासियों को अपने यहां रखने का जिम्मा उठा रहे हैं। अमेरिका से आने के कुछ दिन बाद उन्हें अपने–अपने देशों में भेजा जा रहा है।

अमेरिका से निर्वासित कर कौन–कौन से देशों में भेजे जा रहे भारतीय?

अमेरिका ने जिन देशों में निर्वासित किए गए लोगों को रखने का समझौता किया है, उनमें पनामा, ग्वाटेमाला और कोस्टा रिका शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने इन देशों से प्रवासियों को वापस भेजने में मदद देने की भी बात कही है।

पनामा में किस तरह रखे जा रहे भारतीय?

पनामा में दूसरे देशों के करीब 300 प्रवासियों को अस्थायी तौर पर रखा जा रहा है। इन्हें पनामा के डेरियन जंगलों में एक दूर के शरणार्थियों के लिए तय किए गए होटल में रखा गया है।

रिपोर्ट्स की मानें तो पनामा ने इन प्रवासियों को डैकेपोलिस नाम के एक होटल में रखा है। यहां लोगों को अपने कमरे तक छोड़ने की इजाजत नहीं है। बुधवार को इसी होटल की खिड़की से कुछ अप्रवासियों को हाथ हिलाकर मदद मांगते देखा गया था। मीडिया के सामने इन लोगों ने खुद को बचाने की गुहार भी लगाई थी।

पनामा सरकार ने इन होटलों में कमरों के बाहर भी पुलिसकर्मी तैनात किए हैं, ताकि अमेरिका से लाए गए लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके। हालांकि, सुरक्षा मंत्री फ्रैंक अब्रेगो का कहना है कि प्रवासियों को हिरासत में नहीं रखा गया है। अब्रेगो ने कहा कि पनामा के नागरिकों की सुरक्षा के लिए इन लोगों को बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा। लेकिन हम उनके लिए खाने, मेडिकल और अन्य सेवाओं की व्यवस्था कर रहे हैं।

### भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

32 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 175 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 65 रन और श्रेयस अय्यर 41 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अब तक 75 रन की साझेदारी हो चुकी है। श्रेयस भी अब खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने चार चौके और एक छक्के लगाए हैं। भारत को अब 67 रन की जरूरत है।

कोहली ने 62 गेंद पर वनडे करियर का 74वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 27वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। फिलहाल कोहली के साथ श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच 30+ रन की साझेदारी हो चुकी है। 27 ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 136 रन है। कोहली 53 रन और श्रेयस 14 रन बनाकर क्रीज पर हैं। टीम इंडिया को अब जीत के लिए 106 रन की जरूरत है।

24 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 124 रन बना लिए हैं। फिलहाल विराट कोहली 45 रन और श्रेयस अय्यर 10 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत को अब 118 रन की जरूरत है। इससे पहले शुभमन गिल 46 रन बनाकर अबरार अहमद की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए थे।

भारत को 18वें ओवर में 100 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। स्पिनर अबरार अहमद ने शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड किया। 52 गेंद में सात चौके की मदद से 46 रन बना सके और अर्धशतक से चूक गए। 18 ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 102 रन है। फिलहाल विराट कोहली और श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं। कोहली और गिल के बीच 69 रन की साझेदारी हुई।

विराट कोहली ने वनडे में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले सबसे तेज हैं। कोहली ने 287 वनडे पारियों में 14 हजार रन पूरे किए हैं। इस मामले में कोहली ने तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। तेंदुलकर ने 350 पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी। इसी के साथ कोहली और शुभमन गिल के बीच 50 से ज्यादा रन की साझेदारी भी हो चुकी है।

### सभी राजनीतिक दलों को बंगाल में एनआरसी लागू करने का समर्थन करना चाहिए : सुवेंदु अधिकार

पुलिस और राज्य प्रशासन क्या कर रहे हैं, वे आंखें फेरे हुए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि एनआरसी के सख्त कार्यान्वयन से ही घुसपैठियों को बाहर निकाला जा सकता है और विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले जिहादी तत्वों का पता लगाया जा सकता है।

अधिकारी ने कहा, सभी राजनीतिक दलों को एनआरसी का समर्थन करना चाहिए। 2026 के विधानसभा चुनावों में जब भाजपा सत्ता में आएगी, तो हम बंगाल में एनआरसी लागू करेंगे। अधिकारी ने नकारात्मक टिप्पणी करके और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुँचाकर महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन का अपमान करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की भी आलोचना की। तृणमूल कांग्रेस महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि अधिकारी जैसे नेता एनआरसी के मुद्दे पर जोर दे रहे हैं जिसका उद्देश्य राजनीतिक कारणों से समाज का ध्रुवीकरण करना है। घोष ने कहा, एनआरसी वास्तविक नागरिकों को शिविरों में भेज देगा और समाज के एक वर्ग को अलग–थलग कर देगा। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

# रासेयो शिविर में वित्तीय साक्षरता एवं प्रधानमंत्री योजना की दी जानकारी

## शिविर में स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत के राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई का सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का प्रारंभ शिविर स्थल की सफाई के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया । कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं के द्वारा शांति नगर मोहल्ले में जाकर स्थित सेनी शिव मंदिर परिसर की साफ सफाई का कार्य किया ।तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने मोहल्ले में जाकर मंदिर परिसर के सौंदर्य करण करने के लिए पुराने बाल्टी और डब्बे पौधारोपण के लिए एकत्रित किए। दूसरे सत्र में केनरा बैंक शेरपुर लुहारा में कार्यरत अरविंद कुमार ने स्वयंसेविकाओं को वित्तीय



साक्षरता के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनधन योजना की जानकारी प्रदान की गई, वहीं उन्होंने बताया प्रधानमंत्री जन धन योजना भारत सरकार की एक वित्तीय समावेशन योजना है। इस योजना का उद्देश्य देश के गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना और वित्तीय सेवाओं का लाभ देना है। इस योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति शून्य बैलेंस पर जनधन खाता खोल सकता है। इसके साथ ही रुपए कार्ड धारकों को 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है। तत्पश्चात जनता वैदिक कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत श्री शैलेश कुमार ने स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने के लिए पोषण युक्त भोजन का सेवन करने,नियमित व्यायाम करने और रोजाना 7 से 8 घंटे गहरी नींद लेने की सलाह दी है ।बौद्धिक सत्र के बाद स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर खेल में हिस्सा लिया।

# चिंतन दिवस पर लार्ड बेडेन पावेल को किया नमन

## दिगंबर जैन महाविद्यालय बीएड में स्काउटिंग-गाइडिंग के जनक का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया



सुरेंद्र मलानिया

बड़ौत/बागपत। दिगंबर जैन महाविद्यालय बीएड में स्काउटिंग-गाइडिंग आंदोलन के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन को चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. महेश कुमार मुछाल, रोवर लीडर डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. ममता जैसियान, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. दीपक जैन, डॉ. अंकुर चौहान और रेंजर लीडर ने भाग लिया।

प्राचार्य डॉ. महेश कुमार मुछाल ने बताया कि लार्ड बेडेन पावेल का जन्म 22 फरवरी 1857 को स्टैनफोर्ड स्ट्रीट, लंदन में हुआ था, और उनकी पत्नी लेडी बेडेन पावेल का जन्म भी इसी दिन हुआ था। इस कारण चिंतन दिवस को पूरे विश्व के स्काउट्स, गाइड्स और यूनिट लीडर्स द्वारा मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि भारत में स्काउट गाइड सबसे बड़ा गणवेशधारी संगठन है, जिसमें 55 लाख पंजीकृत सदस्य हैं और करोड़ों अपंजीकृत लोग इससे जुड़े हुए हैं। यह संगठन चरित्र निर्माण, स्वास्थ्य, हस्तकला, सेवा संरक्षण और टेक्नोलॉजी के माध्यम से समाज के लिए उपयोगी नागरिक तैयार करने का कार्य करता है।

डॉ. हरेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग कौशल विकास में सहायक है और जीवन जीने की कला सिखाती है। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि स्काउटिंग आंदोलन युवाओं को संवेगात्मक और आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करने में मदद करता है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. कविता अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रोवर जिला ट्रेनिंग काउंसलर रवि कुमार, आशीष शर्मा, मोहित सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

संस्थापक के विचारों से मिली प्रेरणा

चिंतन दिवस के माध्यम से युवाओं को लार्ड बेडेन पावेल के आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया, ताकि वे समर्पित और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# फिल्म 'बदला' की शूटिंग संपन्न

सुरेंद्र मलानिया

बागपत ।मुख्य कलाकार दर्शन कुमार, सबा अब्बासी साक्षी दलाल, ऊषा देवी, राजवीर दांगी, ज्योति कश्यप और पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में सुरेंद्र मलानिया के साथ, फिल्म 'बदला' की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। खलनायक की भूमिका में अनुज जैन ने अपने अभिनय से कहानी में रोमांच भर दिया है।



फिल्म की कहानी एक साहूकार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक गरीब परिवार को कर्ज देकर उन्हें अपने चंगुल में फंसा लेता है। घर में मौजूद दो युवा लड़कियों पर बुरी नजर रखने वाले इस साहूकार के इरादों को तब चुनौती मिलती है, जब एक मध्यम वर्गीय नायक, दर्शन सिंह, उसके खिलाफ बदला लेने की ठानता है।

कहानी में रोचक मोड़ तब आता है, जब पुलिस इंस्पेक्टर, जो पहले खलनायक का साथी था, सच्चाई के साथ खड़ा होकर न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

फिल्म 'बदला' सामाजिक मुद्दों, संघर्ष और न्याय की कहानी को प्रभावशाली ढंग से पेश करती है। जल्द ही दर्शक इस रोमांचक कथा को यू ट्यूब पर ऊठ श्क्ठएर देख सकेंगे।

# पदक जीतकर लौटे चिराग का सुल्तानपुर हटाना के स्कूल में हुआ अभिनंदन



बागपत। बेसिक शिक्षा परिषद की मंडलीय मिनी खेल कूद प्रतियोगिता आईआईएमटी विश्वविद्यालय गंगानगर में आयोजित की गई।

इसमें जनपद बागपत के उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर हटाना विकास क्षेत्र बागपत के कक्षा 8 के छात्र चिराग ने 25 प्लस वेट में गोल्ड मेडल हासिल किया। जीत की खुशी में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर हटाना में आज विजयी छात्र का शिक्षकों द्वारा प्रोत्साहन एवं अभिनंदन किया गया। चिराग ने 25 किलो वेट में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद, विद्यालय एवं गांव सुल्तानपुर हटाना का नाम रोशन किया। इसके फलस्वरुप ग्राम प्रधान सचिन चौधरी एवं ग्रामवासियों द्वारा बच्चें का उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ऊष्मा रानी, अशोक अन्तिल, सुरेश कुमार, ज्ञानचंद, वीरेंद्र कुमार, वंदना श्रीवास्तव, पारूल चौधरी, शबाना चौधरी , ममता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क न्यूरोथैरेपी शिविर का हुआ सफल आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। चित्रकूट मंदिर एम आई जी फ्लैट में दक्षशिला फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना एवं न्यूरोथैरेपी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस कार्यक्रम में दक्षशिला फाउंडेशन के अध्यक्ष राजन अग्रवाल, वित्तीय सलाहकार नंदकिशोर, कार्यकारिणी सदस्य रमन गुप्ता एवं पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही। विशेष रूप से महासचिव ब्रिजेश शर्मा के कर-कमलों द्वारा चिकित्सकों की टीम को अप्रिशिएशन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनकी सेवाओं का सम्मान किया जा सके। इस चिकित्सा शिविर में 120 से अधिक रोगियों ने भाग लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम से नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। स्थानीय नागरिकों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया एवं दक्षशिला फाउंडेशन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

इस आयोजन ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया एवं समाज में नि:स्वार्थ सेवा की भावना को और अधिक सशक्त किया।

# स्काउट गाइड के संस्थापक बेडेन पावेल का जन्मदिन मनाया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बागपत जिला संस्था में भारत स्काउट और गाइड संस्था के संस्थापक बेडेन पावेल का जन्म दिवस विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रार्थना की गई। प्रार्थना के पश्चात स्काउट के जिलाआयुक्त जयपाल शर्मा ने माल्यार्पण किया तथा कोषाध्यक्ष अनुज कौशिक डी ओ सी स्काउट अशोक बंधु भारद्वाज एवं डी ओ सी गाइड शशि बाला ने पुष्प अर्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही जनपद से पधारे विभिन्न स्काउट्स ने डॉक्टर



बेडेन पावेल को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भेट की। इस कार्यक्रम में बेडेन पावेल के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया तथा जिला आयुक्त स्काउट जयपाल शर्मा के द्वारा अपने सारगर्भित सम्बोधन में बेडेन पावेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया और यह भी बताया गया कि बच्चे अगर उनके बताए हुए रास्ते पर चलें तो वे एक अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। इस अवसर पर अभिनव, वीर सिंह सहित स्काउट गाइड संस्था के पदाधिकारी एवं स्काउट्स उपस्थित रहे।

# ग्रेपलिंग महिला /पुरुष प्रतियोगिता के समापन पर कुलपति ने दी शुभकामनाएं

## एडीजे बरेली मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे



एनपीटी ब्यूरो

बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय ग्रेपलिंग महिला /पुरुष प्रतियोगिता के समापन समारोह का एवं महिला वर्ग की विजई खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

अरविंद कुमार यादव एडीजे बरेली मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे।

प्रो एस.एस. बेदी क्रीड़ा सचिव ने अरविंद कुमार यादव ए.डी.जे. बरेली का बुके देकर स्वागत किया। एवं कुलसचिव, डॉ विमल कुमार एवं कार्यक्रम में उपस्थित महिला छात्रावास की वार्डन प्रो निवेदिता श्रीवास्तव, प्रो मीनाक्षी द्विवेदी, डॉ क्षमा पांडे, एवं डॉ ज्योति पांडे का एकोमोडेशन की अच्छी व्यवस्था हेतु बुके देकर स्वागत किया। प्रो एस.एस. बेदी जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता को पूर्ण पारदर्शिता के साथ कराने की पूर्ण कोशिश की गई है और प्रतियोगिता पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न भी हुई है। उन्होंने सभी खिलाड़ी एवं टीम मैनेजर कोच को बधाई भी दी।

इसके बाद मुख्य अतिथि अरविंद कुमार जी द्वारा विजई खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

पुरस्कार वितरण के बाद ए.डी. जे अरविंद कुमार जी ने हम होंगे कामयाब गीत गाकर सभी खिलाड़ियों को ऐसे ही आगे बढ़ते रहने एवं ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं सभी को शुभकामनाएं दी।

# शादी कराने का झांसा देकर तीन लाख की ठगी.

## पुलिस कप्तान के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। युवक की शादी कराने का झांसा देकर दो ठगों ने तीन लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने युवक और उसकी मां को शादी के लिए बिहार बुलाया और वहां बंधक बना लिया। किसी तरह दोनों बचकर वापस आए और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गणेशनगर निवासी किरन देवी ने बताया कि बदायूं के दातागंज निवासी मुनेन्द्र सिंह और शांति विहार कालोनी निवासी नेत्रपाल ने उनके बेटे प्रकाश की शादी भागलपुर बिहार की रहने वाली रश्मि से तय कराने का दावा किया। आरोपियों ने उनसे दो लाख रुपये नकद, 50 हजार रुपये के गहने और 50 हजार रुपये के कपड़े ले लिए। आरोप है कि 25 जनवरी को वह और उनका बेटा बिहार के भागलपुर पहुंचे।

जहां पर एक मंदिर में एक युवती की मांग में प्रकाश के हाथों सिंदूर डलवा दिया और कहा कि शादी की रस्म खत्म हो गई। जब पूरे विधि विधान से शादी कराने की बात कही गई तो आरोपियों ने रकम और गहने हड़प लिए और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। अगले दिन जब उन्होंने और उनके बेटे ने बाहर निकलने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि उन्होंने किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे।

किसी तरह जान बचाकर मां-बेटे बरेली लौटे और पुलिस से शिकायत की। पीड़िता ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, यूपी और बिहार के एडीजी समेत कई उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# डीएम बरेली ने कंस्ट्रक्शन फर्म पर दर्ज कराया मुकदमा

## सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के कार्यों में लापरवाही और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में ब्रिज कंस्ट्रक्शन फर्म के मालिक वरुण यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यह शहर में एनसीएपी परियोजना से जुड़ा पहला मामला है, जिसमें किसी ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई हुई है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव से भी डीएम रविंद्र कुमार ने जवाब तलब किया है और उनके वेतन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के



निर्देश दिए हैं। इस प्रशासनिक कार्रवाई से नगर निगम के अन्य ठेकेदारों में भी हड़कंप मच गया है।

बीते दिवस डीएम की अध्यक्षता में एनसीएपी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पाया गया कि आईवीआरआई पुल से नैनीताल मार्ग तक फेंसिंग और पौधरोपण कार्य के लिए ब्रिज कंस्ट्रक्शन को ठेका दिया गया था, लेकिन फर्म के मालिक वरुण यादव ने अब तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए थे। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता राकेश कुमार ने इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। तहरीर में बताया गया कि निविदा स्वीकृत होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा दस्तावेज जमा न करने से परियोजना में देरी हो रही थी, जिससे सरकारी कार्य बाधित हुआ और प्रोजेक्ट की प्रगति प्रभावित हुई।

# भू दृष्टि फाउंडेशन के कार्यकर्ता कुंभ में स्नान कर घर वापस लौटे

बागपत। महाकुंभ में त्रिवेणी घाट पर श्रद्धा भक्ति के सफल स्नान के बाद भूदृष्टि फाउंडेशन की पूरी टीम सकुशल घर वापस लौट आई।

भू दृष्टी फाउंडेशन की टीम को देव नगरी प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने का सौभाग्य मिला।

फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुसुम चौहान ने बीजेपी सरकार



का और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया, जिन्होंने इतने बड़े महाकुंभ की व्यवस्था इतने सुचारू रूप से कराई है कि जो एक बार कुंभ जाएगा उसे स्वर्ग अनुभूति की प्राप्ति होगी। इस कुम्भ स्नान की ख्याति न केवल भारत में अपितु पूरे विश्व में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगी। मेरा मानना है कि पूरे विश्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। कुसुम चौहान ने अपनी आत्मिक शांति को व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि सनातन संस्कृति में मेरा जन्म हुआ और वृद्ध माताओं को स्नान कराने का सौभाग्य मिला। स्नान करने वालों में भूदृष्टी फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुसुम चौहान, अजीत कुमार चौहान, सीमा देवी,ओमबीरी देवी, शिमला देवी, रामरती देवी, राजबीर चौहान, प्रमोद कुमार, विक्रांत कुमार आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

# संपादकीय

## गैर संक्रामक रोगों के विरुद्ध बड़ी पहल

देश में अस्सी प्रतिशत मौतों के लिये जिम्मेदार गैर संक्रामक रोगों के खिलाफ केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी। गत गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। हालांकि, फ्रंटलाइन स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर-घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 फीसदी है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का मकसद है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे। दरअसल,भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है। निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी।

दरअसल, हाल के वर्षों में खानपान व जीवन शैली में बदलाव से गैर संक्रामक रोगों की आधारभूमि तैयार हुई है। रोग का समय से पता न चल पाने के कारण जीवनभर इन रोगों का उपचार चलता रहता है। महंगी होती चिकित्सा प्रणाली के चलते तमाम परिवार गरीबी के दलदल में फंसकर रह जाते हैं। विडंबना यह है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर के मामले बढ़े हैं। करीब 44 फीसदी पुरुष व करीब सात फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं। वहीं पुरुषों में मोटापा 12 फीसदी से बढ़कर 18 फीसदी हुआ है तो महिलाओं में यह बारह फीसदी से बढ़कर बीस फीसदी हुआ है। जिसका मूल कारण शारीरिक सक्रियता में कमी भी है। जिसमें 13 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। आंकड़े बताते हैं कि देश में गैर संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों में 45 फीसदी भूमिका हृदय रोगों, स्ट्रोक व उच्च रक्तचाप की है। वहीं बाइस फीसदी मौतें सांस संबंधी बीमारियों के चलते होती हैं। वहीं दूसरी ओर बारह फीसदी मौतें कैंसर से व तीन प्रतिशत मौतें मधुमेह से होती हैं। हालांकि, देश के तीस साल से अधिक उम्र के नब्बे करोड़ लोगों का आंकड़ा जुटाना कठिन कार्य है, लेकिन कोरोना काल में हमने वैक्सीनेशन अभियान के जरिये दुनिया में एक मिसाल कायम की है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि आंकड़े जुटाने की मुहिम से देश मे स्वास्थ्य के प्रति चेतना जाग्रत होगी। लोग सेहत के प्रति जागरूक होंगे। यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो कई रोगों को भगा सकते हैं। वैसे भी यदि समय रहते इन गैर संक्रामक रोगों का पता चलता है तो समय रहते इनका उपचार भी संभव है। निश्चित रूप से हम इलाज पर होने वाले बड़े खर्च को कम कर सकते हैं। इससे हम स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

‚ या की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी।




वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते.गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए।

देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इसी के साथ ऐसी भी व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर का आकलन करने और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। आयकर विभाग को लोगों के विश्वास का उपभोक्ता नहीं अपितु संरक्षक बनना होगा। निश्चित ही नया आयकर कानून भारत की कर प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे करदाताओं को अपनी जिम्मेदारियां निभाने में आसानी होगी, कर प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और कानूनी उलझनों से बचा जा सकेगा।

# अचानक मौतें : उत्सवों में घुलती अनदेखी त्रासदी

\बृजेश सिंह तोमर


शादी–ब्याह और उत्सव अब खुशियों के बजाय अनहोनी के साये में सिमट रहे हैं। देखते ही देखते अचानक गिरते लोग ओर मौत,ये घटनाएँ डराने लगी हैं। तनाव, अनियमित जीवनशैली, डीजे का घातक शोर और उपेक्षित स्वास्थ्य हृदय को कमजोर बना रहे हैं ओर हार्ट अटैक जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैङ्क। इन्हें सिर्फ दुर्घटना मानकर नजर अंदाज करने के बजाय इन घटनाओं को रोकने हेतु सतर्कता ओर जागरूकता दोनों ही जरूरी हैङ्क!यदि नही चेते तो उल्लास के ये क्षण मातम में बदलते रहेंगे?

शादी–ब्याह और उत्सव, जो कभी उल्लास और आनंद का प्रतीक हुआ करते थे, आजकल भयावह घटनाओं के साये में सिमटते जा रहे हैं। विदिशा में स्टेज पर नृत्य करती महज 23 साल की युवती का अचानक गिरकर दम तोड़ देना हो या श्योपुर में घोड़ी पर बैठे दूल्हे की अचानक मृत्यु ऐसी ही घटनाएं है जो अब लगातार सामने आ रही हैं। इन मौतों का कारण सिर्फ प्रभु की मर्जी, किस्मत या अचानक अटैक कहकर नजरअंदाज करना पर्याप्त नहीं है। इनके पीछे कुछ गहरे, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलू हैं, जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।

साल दर साल सामने आने वाले आंकड़े चौकाते है।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ठउफइ) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में अचानक मौतों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2022 में, देश में कुल 56,653 अचानक मौतें दर्ज की गईं, जो 2021 की तुलना में लगभग 12% अधिक हैं। इनमें से 32,410 मौतें दिल का दौरा (हार्ट अटैक) के कारण हुईं, जबकि शेष 24,243 अन्य कारणों से थीं। अचानक मरने वालों में सबसे अधिक 19,456 मौतें 45 से 60 वर्ष की आयु वर्ग में दर्ज की गईं। हाल के समय में, विशेष रूप से सार्वजनिक आयोजनों जैसे गरबा, विवाह समारोह, और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान, दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौतों के मामले सामने आए हैं। उदाहरण के लिए, गुजरात में गरबा आयोजनों के दौरान, एक ही दिन में कम से कम 10 लोगों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई, जिनमें सबसे कम उम्र का व्यक्ति 17 वर्ष का था।

इन घटनाओं के पीछे संभावित कारणों में कोविड–19 के बाद की जटिलताएँ, तनावपूर्ण जीवनशैली, और अत्यधिक शारीरिक गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं।

विशेषज्ञों का सुझाव है कि कोविड–19 संक्रमण के बाद, विशेष रूप से गंभीर मामलों में, हृदय संबंधी समस्याओं का



जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए, ऐसे आयोजनों में भाग लेने से पहले अपने स्वास्थ्य की स्थिति का मूल्यांकन करना और आवश्यक सावधानियाँ बरतना महत्वपूर्ण है। इन आंकड़ों और घटनाओं से स्पष्ट है कि सार्वजनिक आयोजनों में अचानक मौतों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पहले 50–60 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ना सामान्य माना जाता था, लेकिन अब 20–40 की उम्र में भी या उससे कम में भी लोग हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं ।

इस महामारी के फैलाव की महज एक वजह नही मानी जा सकती बल्कि तमाम वजहों का सम्मिलित स्वरूप इनकी बढ़ोतरी में सहायक है। असंतुलित जीवनशैली,खाने में फास्ट फूड कल्चर,व्यायाम की कमी, मोटापा ,युवाओं में केरियर, रिश्तों और सामाजिक दबाव का बोझ,अनियंत्रित कैफीन और एल्कोहल सेवन भी इसकी वजह है।कुछ प्रकरणों में अनुवांशिक कारण अर्थात परिवार में हृदय रोग का इतिहास भी आने वाली पीढ़ी को विरासत में मिल जाता है।अधिकांशतः लोग अनदेखी स्वास्थ्य समस्याएं और मेडिकल चेकअप की अनदेखी कर जाते है।कई लोग पहले से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, या कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से जूझ रहे होते हैं, लेकिन वे खुद को पूरी तरह फिट मानते हैं।शादी से पहले या बड़े आयोजनों से पहले मेडिकल चेकअप की परंपरा नहीं है, जबकि शरीर पर अचानक बढ़े तनाव (शारीरिक व मानसिक) से गंभीर समस्या हो सकती है।30 साल की उम्र के बाद नियमित हृदय जांच, ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु जागरूक बनना आवश्यक हो गया है।

इसके अलावा वर्तमान में कर्णप्रिय धीमे संगीत की जगह डीजे के कानफोडू शोर ने ले ली जिसका कम्पन्न घातक भूमिका निभाते हुये शरीर मे विचलन पैदा कर देता है।विवाह समारोहों में आजकल डीजे की धुनें सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं रहीं, बल्कि एक असहनीय शोर में बदल गई हैं।विशेषज्ञ बताते है कि डीजे की तेज ध्वनि से एड्रेनालिन हार्मोन की अचानक बढ़ोतरी, जिससे हृदय गति असामान्य हो सकती है।बेस (BÔss) वाली ध्वनि हृदय की लय पर प्रभाव डालती है, जिससे अतालता (Arrhyẗ) हो सकती है।अचानक ऊँचे स्वर में संगीत का झटका (Acoustic Shock), जो शरीर में घबराहट और बेचैनी पैदा करता है।तेज रोशनी और डीजे की चमक–धमक मिर्गी (Epilepsy) और ब्रेन स्ट्रोक का कारण बन सकती है। 85 डेसिबल से अधिक शोर हानिकारक होता है लेकिन आज इससे कई गुना तेज क्षमता का संगीत डीजे यंत्रों पर बज रहा है जिस पर शासन को सख्ती से रोक लगाना चाहिए।नाच–गाने में संयम और सतर्कता बेहद जरूरी है।आयोजन के जोश में अगर शरीर संकेत दे रहा है (तेजी से सांस फूलना, सीने में दबाव, चक्कर आना) तो तुरंत रुकें। ताजा हालातो को देखते हुये विवाह समारोह या बड़े आयोजनों में एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था को भी व्यवस्थाओं का एक बड़ा अंग माना जाये अर्थात आयोजनों में फर्स्ट–एड, डॉक्टर और जरूरी दवाएं एहतियातन अनिवार्य रूप से रखी जाएं।

शादी–ब्याह या अन्य आयोजनों का मकसद खुशियां मनाना होता है, न कि किसी अप्रिय घटना के कारण मातम छा जाना। समय रहते इन खतरों को पहचान कर सावधानी बरतें तो इस भयावह प्रवृत्ति को रोका जा सकता हैं। अन्यथा डीजे की धुन पर नाचने के नाम पर हम अपनी नई पीढ़ी को अनदेखे खतरे में डाल रहे हैं। समय आ गया है कि समाज इन घटनाओं को सिर्फ दुर्घटना मानकर नजरअंदाज न करे बल्कि इनके असली कारणों को समझकर उन्हें रोकने के उपाय करे।यह त्रासदी आने वाले समय की विकराल समस्या बनती जा रही है जो भविष्य के मांथे पर चिंता की लकीरें खींच रही है।

# शाहबाद पुलिस ने 72 घंटे में किया यशपाल हत्याकांड का खुलासा

## 150 कॉल ने खोला हत्या का राज प्रेमिका समेत 6 गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। मामला शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के रवानी पट्टी उदा का है सीओ हर्षिता सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वादी कुंवरपाल पुत्र महेंद्र पाल निवासी ग्राम रवानी पट्टी उदा थाना शाहबाद के द्वारा बीती 20 फरवरी को थाना शाहाबाद पर केस दर्ज कराते हुए अपने भाई यशपाल की हत्या के मामले में चार लोगों को आरोपी बनाया था। यशपाल हत्याकांड के मामले में मुकदमा संबंधित धाराओं में दर्ज करते हुए पुलिस ने उक्त मामले की बहुत तेजी से छानबीन शुरू कर दी थी सीसीटीवी और कॉल डिटेल से आगे बढ़ते हुए पुलिस को पता चला कि हत्या लता के मंगेतर सूरजपाल ने अपने दो साथियों की मदद से की है। सूरजपाल लगातार यशपाल से फोन पर संपर्क में था। सूरजपाल को जब यह पता चला कि उसकी मंगेतर लता का प्रेमी उससे अब भी बात कर रहा है तो उसने घटना वाली रात यशपाल को बात करने के लिए ढकिया रवानी पट्टी रोड पर बुलाया और चाकू से वार कर मार डाला। बताते चले की शाहबाद और कई टीमों ने प्रेमिका के मंगेतर सूरजपाल और उसके दो दोस्तों समेत 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा निकला। सूरजपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर यशपाल को उसकी दुकान से बुलाकर आलू के खेत में पेट पीठ व शरीर में चाकू से गोद कर लहूलुहान कर सिर में ईंट मारकर निर्मम हत्या कर दी। जबकि हत्या की योजना में लता के पिता और भाई भी शामिल थे। सूरजपाल ने हत्या कर यशपाल का मोबाइल भी अपने साथ ले गया और उसे आग में जला दिया।

साथ ही हत्या में प्रयोग में लाया गया चाकू और कपड़ों को छिपा दिया। पुलिस ने सीसीटीवी और कॉल डिटेल की मदद से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान प्रेमिका लता से घंटो तक पूछताछ की गई।

लाखन पुत्र ख्याली राम, राजेश पुत्र लाखन, कु लता पुत्री लाखन निवासीगण ग्राम ढकिया थाना शाहबाद व सूरजपाल पुत्र स्व दिलाराम, जितेंद्र पुत्र रोशन, रोहित पुत्र स्व दिलाराम सिंह निवासीगण ग्राम दबतोरी थाना बिसौली जनपद बदायूं।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

कोतवाल पंकज पंत, उपनिरीक्षक मनोज चौधरी, उपनिरीक्षक अरविंद दीक्षित, हेड कांस्टेबल गिरंद सिंह, हेड कांस्टेबल बाल किशोर, महिला आरक्षी सुधा देवी रहे।

# जैसे हज वाले हाजी जी वैसे कुम्भ वाले कुम्भी जी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। जिस प्रकार हज यात्रा करने वालों को हाजी जी कहा जाता है वैसे ही कुम्भ में जाकर स्नान करने वालों को भी कुम्भी जी कहना चाहिए। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि जो कुम्भ में जाकर स्नान कर आए वे तो अब महान हो गए, अब उन्हें साधारण इंसान नहीं माना जा सकता क्योंकि वर्तमान हालातों से तो यही प्रतीत हो रहा है। बचपन में अक्सर टिड्डी दल को देखा करते थे ठीक वही स्थिति अब दिखाई दे रही है। बल्कि यौं कहा जाए कि जानबूझकर मरने के लिए इस तरह बेताब हो रहे हैं जैसे पतंगे आग में जाने के लिए। अब तक हजारों मर चुके फिर भी पागलपन का नशा नहीं उतर रहा। लोग कहेंगे कि हजारों कैसे मर गए? तो मैं अभी सिद्ध किये देता हूं कि हजारों की संख्या पक्की है। पहले तो कुम्भ में मची भगदड़ में मरे, उसके बाद दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर। इन मृतकों से भी कहीं ज्यादा तो तभी से मर रहे हैं



जब से कुंभ की शुरूआत हुई थी। लोग कहेंगे कि वह कैसे? तो इसका जवाब यह है कि रोजाना तमाम खबरें पूरे देश के विभिन्न हिस्सों से मिल रही हैं, कि फलां जगह वाहन टकराये, बस पलटी, असंतुलित होकर गड्ढे में जा गिरी आदि आदि। अखबारों में छपी खबरों में लिखा रहता है कि ये लोग कुम्भ जा रहे थे या कुम्भ से लौट रहे थे। अनेक कुम्भ यात्री मौत के मुंह में जा रहे हैं और उससे भी ज्यादा घायल हो रहे हैं। क्या इनकी संख्या कुम्भ से नहीं जुड़ेगी? मेरे कहने का मतलब यह नहीं कि मैं कोई सनातन विरोधी हूं। पर यह तो सोचना चाहिए कि ऐसी भीड़ में हम क्यों जाएं? यदि कुम्भ नहीं जाएंगे तो क्या आगे की जिंदगी नहीं चलेगी? या कुम्भ न जाने पर समाज में अछूत की तरह माने जाएंगे। मैं यह देख रहा हूं कि लोग अपने घटिया कर्मों को तो त्याग नहीं रहे और कुम्भ में जाने के लिए पगलाए जा रहे हैं। हत्यारे, चोर, उचक्के, दुराचारी, लुटेरे, बेईमान, झूठ बोलने वाले, मांसाहारी, शराबी तथा भ्रष्टाचारी आदि दुर्गुण संपन्न भी कुम्भ में डुबकी लगाने की होड़ा-होड़ी में मरे जा रहे हैं। ये लोग सोच रहे होंगे कि अब तो हमारे सभी पाप पुण्य के रूप में परिवर्तित हो जाएंगे और स्वर्ग लोक की गारंटी पक्की। मेरा मानना तो यह है की कुम्भ में तो सिर्फ उन्हीं लोगों को जाना चाहिए जो ईश्वर में आस्था रखने वाले सदाचारी हों हर प्रकार के दुगुणों से दूर रहकर अपनी जिंदगी को सादगी और परमार्थ के साथ जी रहे हों। नास्तिक सोच रखने वाले धूर्त लोगों के जाने से तो गंगा जमुना और भी दूषित होंगी। अंत में मुझे सिनेमा का वह गाना याद आ रहा है कि ह्राम तेरी गंगा मैली हो गई पापियों के पाप धोते-धोते।

# श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मनमोहक वर्णन किया गया

## कथा शुभारम्भ से पहले डॉ ऋचा ने दीप प्रज्ज्वलित किया

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में तृतीय दिवस आचार्य विमल कृष्ण शास्त्री ने आज कथा में कंस के कारगर में भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया।

आज नंद महोत्सव से पूर्व मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में हुआ कंस के यहां फिर भगवान मथुरा से गोकुल आए नंद बाबा के यहां नंद बाबा के यहां मंगल बधाइयां हुई सब बृजवासियों ने धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव।

कथा के मुख्य यजमान डॉक्टर प्रवीन त्रिपाठी भाजपा नेता प्रवीण भारद्वाज ने कथा वाचक विमल महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। कुर्मांचल नगर कॉलोनी में रविवार को विशाल निशुल्क मैडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अचल मेहरोत्रा एमबीबीएस , एमडी चेस्ट ने कैम्प में आये हुए जनसमूह की निशुल्क जाँच की।कैम्प में अधिक संख्या में लोगों ने अपनी जाँच कराई।इस अवसर पर पंकज जोशी,देवेन्द्र रावत,यतिन भाटिया,रितिक तिवारी,चंदन सुखानी, देवेन्द्र सिंह देवलिया, महेशानंद सती, पुष्कर सिंह राणा,अंकुर असगोला,नरेंद्र सिंह अधिकारी, दीपक जोशी, गोपाल मेहरा ,नवीन जोशी, कॉलोनी के सभापति मानसिंह नेगी एवं सचिव हरबंस सिंह बिष्ट आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा।

## योगी सरकार की अनूठी पहल कैदियों को कराया गया संगम के जल से स्नान.

बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के पावन अवसर पर जेलों में बंद कैदियों को संगम जल से स्नान कराने की एक अनूठी पहल की है। यह कदम कैदियों को आध्यात्मिक और मानसिक शांति प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया था। महाकुम्भ में शामिल होने से वंचित रहने वाले कैदियों के लिए यह एक सुखद अनुभव रहा। प्रदेश सरकार ने सभी जेलों में कलशों के माध्यम से संगम जल पहुंचाया। सुबह को पूजा अर्चना की गयी। उसके बाद कारागार में मंत्रोच्चारण के साथ संगम की पवित्र जल को कुंड के जल में मिलाया गया। इसके बाद कारागार में निरूद्ध सभी बंदियों को तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र जल से स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बरेली सेंट्रल जेल प्रथम इज्जत नगर के जेलर नीरज कुमार ने बताया कि यह योगी सरकार की एक अनूठी पहल है, जिससे कैदियों को आध्यात्मिक लाभ मिला। इसके लिए प्रदेश के कारागार विभाग ने विस्तृत योजना बनाई और संगम जल को कलशों में भरकर सभी जेलों में पहुंचाया। कैदियों ने जेल के अंदर हुए भव्य आयोजन में इस जल से स्नान किया।

# व्रन्दावन में छात्रों ने की संत प्रेमानंद से मुलाकात, वृंदावन मॉडल किया पेश



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। व्रन्दावन में नोएडा के एक प्राइवेट स्कूल के बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ वृंदावन में प्रेमानंद महाराज से भेंट की। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने वृंदावन का एक खूबसूरत मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया, जिसे देखकर महाराजजी ने बच्चों की सराहना की। प्रदर्शनी में वृंदावन के प्रमुख तीर्थ स्थलों, घाटों और प्राकृतिक सौंदर्य को बारीकी से दशार्या गया था। बच्चों ने न केवल मॉडल के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया, बल्कि वृंदावन की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक महत्व को भी उजागर किया। प्रेमानंद महाराज ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनसे संवाद किया और उन्हें आध्यात्मिकता, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और भारतीय संस्कृति की गरिमा बनाए रखने की प्रेरणा दी।

## ब्यूटी पार्लर से आ रहीं दुल्हनों संग की ऐसी बर्बरता

# बरातियों को किया लहूलुहान मायूस लौटा दूल्हा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा के रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने अनुसूचित जाति की दो दुल्हनों व उनकी बुआ की पिटाई कर दी। जानकारी जब परिजन व बरातियों को हुई तो वह मौके पर पहुंच गए। दबंगों ने उन्हें भी पीटा। इससे नाराज बरात बिना दुल्हन के लिए लौट गई। गांव में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 15 नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आधा दर्जन के करीब लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि गांव करनावल निवासी एक व्यक्ति की दो बेटियों की शुक्रवार को शादी थी। गोवर्धन के पूंछरी से बरात गांव में आई थी। दोनों दुल्हनें रात 9.30 बजे के करीब अपने फूफा व बुआ के साथ ब्यूटी पार्लर से गांव लौट रही थीं। रास्ते में



गांव गौशाला के समीप करनावल के रहने वाले यादव लोकेश, रोहताश और सतीश की बाइक से कार टच हो गई। बाइक सवार युवक और कार चालक दुल्हन के फूफा में विवाद हो गया। युवकों ने कार में सवार दुल्हन उनकी बुआ को गाड़ी से नीचे उतार लिया और पिटाई कर दी। आरोप है कि दुल्हन और उसकी बुआ पर कीचड़ भी फेंका। दुल्हनों से शादी की अंगूठी और फूफा के गले से सोने की चेन छीन ली। जानकारी पर दुल्हन के परिजन व बराती मौके पर पहुंच गए।

उधर, युवकों के परिजन व अन्य ग्रामीण भी मौके पर आ गए। मारपीट में दुल्हन के पिता के सिर में चोट आई। अन्य कई लोग भी घायल हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी ने दुल्हन के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि कार से बाइक टकराने को लेकर विवाद हुआ था। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

# राधारानी के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं से मारपीट, सुरक्षा गार्डों पर मुकदमा दर्ज



मथुरा के बरसाना में राधारानी के दर्शन करने आए मुंबई के गायक के साथ रोप-वे की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्डों ने मारपीट कर दी। इससे वह घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो गार्डों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद निर्वाल ने बताया कि शनिवार को मुंबई के एलजे रोड माहिम निवासी गायक विशाल खोसला अपने परिवार के साथ बरसाना में राधारानी के दर्शनों के लिए आए। दोपहर में टिकट काउंटर से टिकट लेकर लाइन में खड़े थे। तभी रोपवे की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्डों ने निकास गेट से कुछ लोगों को अंदर घुसाया। उन्होंने इसका विरोध किया तो सुरक्षा गार्डों ने गायक और उनके परिजन को पीट दिया। थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने बताया कि दो सुरक्षा गार्डों को हिरासत में ले लिया है।

# सर, पति दूर नौकरी करते हैं, ड्यूटी कटवा दीजिए

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। सर, मेरे पति दूर नौकरी करते हैं। मेरे खुद के बच्चों की भी बोर्ड परीक्षा चल रही हैं। ड्यूटी करने में असमर्थ हूं। कृपया ड्यूटी काट दीजिए। इस तरह के विभिन्न प्रकार के प्रार्थना पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक और बीएसए कार्यालय में पहुंच रहे हैं, जिसमें बोर्ड परीक्षा में 12 दिन की ड्यूटी में शिक्षक समस्याएं गिनाते हुए ड्यूटी हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे हैं। 24 फरवरी से 12 मार्च तक यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं हैं। नकल विहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए परिषदीय एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। हालांकि कुछ मामलों में उचित कारण मिलने पर उन्हें परीक्षा की ड्यूटी में छूट दी जा रही है। वहीं, अधिकांश मामलों में रियायत नहीं बरती जा रही। परीक्षा में ड्यूटी कटवाने के लिए परीक्षा तिथियों पर शादी, परिजनों की स्वास्थ्य, बच्चों का स्कूल में प्रवेश, पति के दूर रहने के कारण केंद्र पर पहुंचने में होने वाली समस्याएं, बच्चों की परीक्षा सहित घर में धार्मिक आयोजन का हवाला दिया जा रहा है। यही नहीं कुछ शिक्षक प्रभावी लोगों के नाम पर भी ड्यूटी कटवाने की मांग कर रहे हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मानवीय आधार पर उचित कारण होने पर विशेष दिवस या पूरी परीक्षा से ड्यूटी काट सकते हैं।

## एसआरएमएस में नेत्र रोगों पर दो दिवसीय प्रयोगशाला का आयोजन

# पांचों ज्ञानेंद्रियों में दृष्टि महत्वपूर्ण

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेलीः ईश्वर ने हमें आंख, कान, नाक, जीभ, और त्वचा जैसी पांच ज्ञानेंद्रियां दी हैं। इसमें से किसी की भी कमी हमारी स्वस्थ जिंदगी को प्रभावित कर सकती है। लेकिन अगर किसी एक की बात करें तो दृष्टि का महत्व सबसे ज्यादा है। यह बात एसआरएमएस के ऑप्थेल्मोलॉजी विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर (डा.) नीलिमा मेहरोत्रा ने एआईओएस ग्लूकोमा प्रयोगशाला व वीडियो फिल्म फेस्टिवल में कही। उन्होंने कहा कि जिंदगी को रोशन रखने के लिए आंखों को ग्लूकोमा जैसी तेजी से बढ़ती बीमारियों से बचाना जरूरी है।

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को दो दिवसीय एआईओएस ग्लूकोमा प्रयोगशाला व वीडियो फिल्म फेस्टिवल का समापन हुआ। बरेली ऑप्थेल्मोलॉजी सोसायटी (बीओएस) के सहयोग से एसआरएमएस के ऑप्थेल्मोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में देश के नामचीन नेत्र विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह रविवार को सरस्वती वंदना और




संस्थान गीत के साथ हुआ। कालेज के प्रिसिंपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला, विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी आई हास्पिटल गुरुग्राम के इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लूकोमा के डायरेक्टर डा. देवेंद्र सूद, बरेली ऑप्थेल्मोलॉजी सोसायटी (बीओएस) के प्रेसीडेंट डा. चंद्रशेखर यादव और डा. कुंवर गौरव सिंह और आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन प्रोफेसर (डा.) नीलिमा मेहरोत्रा ने दीप प्रज्वलन किया। प्रोफेसर (डा.) नीलिमा ने सभी अतिथियों और डेलीगेट्स का स्वागत किया और दीप प्रज्वलन से ज्ञान के प्रकाश की बात कही। उन्होंने कहा कि इस रोशनी के साथ ही आंखों की रोशनी भी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में आंखों की दृष्टि की रक्षा करना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण। जबकि मोतियाबिंद के लक्षण पहले दिखने लगते हैं। ऐसे में ग्लूकोमा से बचाव के लिए इसकी नियमित जांच आवश्यक है। अंत में डा. कुंवर गौरव सिंह ने सभी विशेषज्ञों और डेलीगेट्स का आभार जताया। प्रिसिंपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालनडा.नीलिमा सिंगला और डा.अनुज्ञा सिंह ने किया। इससे पहले शनिवार को वीडियो फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने किया। इस मौके पर सीएल गुप्ता आई हास्पिटल मुरादाबाद के ग्लूकोमा विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार, इंस्टीट्यूट आफ यूनिवर्सल साइंसेज सैंफई की डा. रीना शर्मा, आरएमएल लखनऊ की डा.प्रीति गुप्ता, बरेली के कई नेत्र विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# विद्युत उपखंड अधिकारी व टीम के साथ की मारपीट

## सरकारी कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर थाना जखौरा के ग्राम मुहारा के मजरा चैनावारा में विद्युत संयोजन का वकाया बसूल करने गये अधिकारी व टीम के सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। जनपद झांसी के ग्राम चिरगांव निवासी विद्युत उपखण्ड अधिकारी देवी सिंह राजपूत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 21 फरवरी को उपखण्ड अधिकारी, टीजी टू विन्द्रावन, लाईनमैन पवन, कैशियर मयंग रैकवार, मीटर रीडर जगदीश कुशवाहा व वाहन चालक नीजर के साथ ग्राम चैनावारा में एक मुश्त समाधान योजना के तहत बकायेदार से राजस्व की वसूली करने के लिये गये। संयोजन काटने से पूर्व उपभोक्ता कुवंरलाल पुत्र हीरे कुशवाहा से भुगतान के लिये कहने पर वह आक्रोशित होकर अभद्रता करने लगा, संयोजन काटते देख आरोपित प्यारेलाल कुशवाहा, जगत कुशवाहा, हरीदास कुशवाहा पुत्रगण कुवंरलाल, लच्छी कुशवाहा पुत्र हीरे व सात-आठ अज्ञात लोग आकर गाली गलौज करने लगे, आरोपित ने अपना मोबाइल तोडकर मारपीट करने का आरोप लगाने लगे, विरोध करने पर आरोपित ने अधिकारी व उसके साथ आये कर्मचारियों को वाहन में बैठते देख चाबी निकाल कर उनके साथ मारपीट कर बंधक बना लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# राजकीय बालिका इंटर कालेज महरौनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर महरौनी अपर राज्य परियोजना लखनऊ के आदेशानुसार मुख्य चिकित्साधिकारी ललितपुर के निर्देशन में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के तत्वाधान में महरौनी नगर के राजकीय बालिका इंटर कालेज में अध्ययनरत छात्राओं के स्वास्थ्य हेतु शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया!

जिसमे फिजिशियन, गायनोकोलॉजिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, साइक्लोजिस्ट, साइकीट्रिस्ट चिकित्सको की टीम द्वारा सुवह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक छात्राओं का हेल्थ चेकअप किया गया,

राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्राधानाचार्य श्रीमती शीलम गुप्ता द्वारा यह भी जानकारी प्रदान की गई है कि आगामी तिथियों में बोर्ड परीक्षाओं की वजह से 28 फरवरी, 4 मार्च 7 मार्च व 10 मार्च को भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमे समस्त छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी दबा भी वितरित की जाएगी! शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको में डॉ विनय सोनी, डॉ जे एस बख्शी, डॉ द्रोपदी मीना, डॉ निर्भयनारायन, मंजुलता यादव, नीरज दुबे, संजीव ममता देवी पुष्पेंद्र नायक एवम मानसिंह चिकित्सा कर्मचारी उपस्थित रहे, वहीं विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवम शिक्षिकाएं मौजूद रहीं!

# उपजिलाधिकारी ने बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूप का लिया जायजा



चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम का रविवार को उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू व कन्ट्रोल रूम प्रभारी एसडीएम हर्षिता देवड़ा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे से सभी परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रान्ग रूम को देखते हुए कन्ट्रोल रूम की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। बताया कि बोर्ड परीक्षा में इस बार जिले में 38 परीक्षा केन्द्र बनायें गए हैं। इन केन्द्रों की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक आफिस में कन्ट्रोल रूम एवं मानिटरिंग सेल की स्थापना की गई है। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्रों में नकल को रोकने के लिए पांच सचल दल टीमें भी बनाई गयी है, जो केन्द्रों पर जाकर जांच करेंगी। इस मौके पर कन्ट्रोल रूम प्रभारी डॉ सनत कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार, परीक्षा प्रभारी फूलचन्द्र पटेल, डॉ प्रदीप शुक्ल, नरेन्द्र मिश्रा, अजय त्रिपाठी, चेतन्य कुमार, रमेश वर्मा, सूर्यभूषण पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र सिंह, विनय कुमार, विनोद कुमार, सुरभि, सोनम, नेहा, नीलम आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने युवक व उसके पिता के साथ लाठी-डंडों से की मारपीट, बुरी तरह जख्मी

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। सदर कोतवाली अंतर्गत ग्राम जिजयावन निवासी अभय पुत्र बृजभान ने प्रभारी निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की माँग की उन्होंने अवगत कराया कि पीड़ित के गाँव में विद्युत विभाग के द्वारा चेकिंग की गयी थी, जिस पर पीड़ित के पडोस में रहने वाले राजेश सिंह पुत्र कल्यान सिंह की लाइट को काट दिया गया था। विद्युत विभाग वालों के जाने के बाद उक्त लोगों ने एकराय होकर आये और पीड़ित व उसके परिजनो को गालिया देते हुये पीड़ित के उपर विद्युत विभाग बालो को शिकायत करने का आरोप लगाने लगे, जिसका पीड़ित ने उक्त लोगो से विरोध किया तो उन्होंने पीड़ित के पिता बृजभान के साथ गाली-गलौच करते हुये लात-घूसो व लाठी-डण्डो से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान पीड़ित के पिता के सिर में काफी चौटे आयी। उक्त दबंग लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो भविष्य में कोई भी घटना घटित होती है, तो उसका जिम्मेदार उक्त लोग ही होंगे। पीड़ित ने अपील की है कि उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही की माँग की।

# फलकासन के जरिए कम की जा सकती है पेटी की चर्बी- योगाचार्य



चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि फलकासन या दंड चतुरंग आसान या प्लैंक पोज पेट, पीठ व छाती के फैट को घटाकर गजब के फायदे देता है। यह पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने तथा मेटाबॉलिज्म रेट को बढ़ाने की कारगर दवाई है।

योगाचार्य ने बताया कि देखने में सरल किंतु चुनौती पूर्ण इस आसन से शरीर की शक्ति और संतुलन में वृद्धि होती है और मसल्स को मजबूती मिलती है। पेट, कमर, पीठ पर में खिंचाव देता है, जिससे इसकी मसल्स टोन बेहतर रहती है और संतुलित, शक्तिशाली बनाकर कार्य क्षमता को बढ़ावा देता है। सर्वाइकल, कमर दर्द के लिए यह आसन रामबाण है। मन की एकाग्रता को बढ़ाता है। पेट की अतिरिक्त चर्बी को घटाकर पेट की बीमारियों को ठीक करता है।

इस आसन से ह्रदय की गति बढ़ती है जिससे मेटाबॉलिजम बेहतर हो जाता है जिससे कैलोरी बर्न होकर समग्र फिटनेस सुधार के साथ लचीलेपन को बढ़ावा देता है। योगाचार्य ने बताया कि इसे करने के लिए वज्रासन से घुटनों के बल आकर हाथों को फर्श पर रखें, कंधों की चैड़ाई के बराबर दूरी पर, और दोनों पैरों को प्लैंक की स्थिति में पीछे ले जाते हैं। शरीर को सिर से एड़ी तक लंबा और सीधा करते हैं, बिल्कुल लकड़ी के तख्ते की तरह। पेट की मांसपेशियों को सक्रिय करके नाभि को अपनी रीढ की ओर खींचते हैं, कंधों को कानों से दूर रखते हुए कंधों की हड्डियों को आपस में न दबाते हुए पीठ को चैड़ा रखते हैं।

गर्दन रीढ़ सपाट रखते हैं। गहरी सामान सांस लेते हुए 30 सेकंड से 1 मिनट तक इस आसन में ठहरते हैं। बचाव की दृष्टि से कलाई व कंधों की चोट, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, उच्च रक्तचाप की दशा में

## निजीकरण के दुष्परिणामों को लेकर अटेवा ने जताई चिंता

चित्रकूट ब्यूरोः अटेवा ( ऑल टीचर्स एंड एम्प्लॉईज वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अटेवा के जिला संरक्षक महेंद्र सिंह पटेल ने पदाधिकारियों के साथ आगामी कार्यक्रमों व संगठन विस्तार पर चर्चा की। जिला संयोजक राजेश यादव ने अटेवा के आगामी कार्यक्रमों एवं तैयारियों के सम्बन्ध में पदाधिकारियों को जानकारी दी। महामंत्री मथुरा प्रसाद ने संगठन विस्तार, कैडर गठन एवं निजीकरण के दुष्परिणामों पर चर्चा की। कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने महिला विंग गठन और तन-मन-धन से अटेवा के साथ जुड़ने के लिए कहा। सहसंयोजक राजेश सिंह ने प्रति दिन दो लोगों से वार्ता कर अटेवा में शामिल करने को कहा। इस मौके पर महेंद्र सिंह, आनंद यादव, अमर सिंह, राजेश यादव, मथुरा प्रसाद वर्मा, कमलेश गुप्ता, राजेश सिंह, अजीत सिंह, सुधींद्र कुमार सिंह, अजय पाल सिंह, बलराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कप्तान सिंह, अजय पाल, श्रवण कुमार यादव, सुनील सिंह, मुन्नूलाल, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

## संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प

चित्रकूट ब्यूरोः भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने रविवार को संत गाडगे की जयंती मनाई। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया तथा उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय गौतम ने कहा कि संत गाडगे एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण की विचारधारा के व्यक्ति थे। उन्होंने मानव समाज में फैले पाखंड, कुरीतियों व छुआछूत आदि का जीवन पर्यन्त विरोध किया तथा दलितों, असहायों व निर्बलों की जीवन पर्यन्त सेवा की। इस दौरान सभी ने उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी के जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, आसपा के चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, विनोद वर्मा, लक्ष्मण पटेल, राजबहादुर वर्मा, विकास वर्मा, राजकुमार वर्मा, राधेश्याम प्रजापति, लवकुश श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के तहत चलाया गया सफाई अभियान

## मंदाकिनी व रामभरोसा बांध में हुई सफाई



चित्रकूट ब्यूरोः संत निरंकारी मिशन द्वारा चलाए जा रहे ह्यप्रोजेक्ट अमृतह्य कार्यक्रम के अंतर्गत ह्यस्वच्छ जल-स्वच्छ मनह्य परियोजना के तहत रविवार को मिशन के श्रद्धालुओं ने जिला मुख्यालय के मंदाकिनी घाट व मानिकपुर के राम भरोसा बांध में सफाई अभियान चलाया। साथ ही आम जनमानस को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया।

संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महराज की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ह्यप्रोजेक्ट अमृतह्न का शुभारंभ किया था। जिसका उद्देश्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के साथ आम जनमानस में जल संरक्षण की सोच को विकसित करना है। इस अभियान के पहले दो चरणों में नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण प्रदान करने में सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार 2025 में चलाए जा रहे इस अभियान के तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करें।

संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह अभियान देशभर के 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। अभियान की व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा। सद्गुरु माता सुदीक्षा भी यह संदेश देती है कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। इसी अभियान के तहत रविवार को जिला मुख्यालय के मंदाकिनी घाट व मानिकपुर के राम भरोसा बांध में सफाई अभियान चलाया। साथ ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला मुख्यालय में संचालक लोटन प्रसाद, शिवभवन, सचिन श्रीवास्तव व मानिकपुर में संचालक संदीप, सौरभ श्रीवास्तव व आनंद राज श्रीवातस्व आदि मौजूद रहे।

## हन्ना गांव की गौशाला क्षेत्र के प्रधानों के लिए बनी अनुकरणीय

चित्रकूट ब्यूरोः दिल में कुछ अलग कर गुजरने का जज्बा हो तो रेगिस्तान में भी पानी का समंदर मिल जाता है कहते हैं की जो असम्भव को सम्भव में बदल दें वो विरले होते हैं, उन्ही के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा समाज को मिलती हैं। हम बात कर रहे हैं वर्तमान समय में ग्राम पंचायतो में संचालित हो रहे गौशालाओं की जहां एक ओर शासन द्वारा संचालित गौशालाओं के रखरखाव के लिए हरसंभव मदद कर रही है, वही गौशाला संचालकों द्वारा तरह-तरह के बहाने बनाकर खामियों का ठीकरा दूसरे के सर पर फोड़ रहे हैं। मगर रामनगर क्षेत्र के हन्ना गांव में एक ऐसी भी गौशाला है जहां के ग्राम प्रधान दीपक तिवारी ने गौशाला में इस तरह से काम किया है, जो एक नजीर बन गई है। गौशाला को देखकर वाकई में लगता है कि योगी सरकार के मंशानुरूप शत-प्रतिशत कार्य करके सरकार के कसौटी में खरा उतरते हुए धरातल मे दिखाने काम किया है। अस्थाई गौशाला में 272 गौवंश संरक्षित हैं, गौशाला में चारो तरफ पक्की बाउण्ड्री का निर्माण कराया गया है। साथ ही साथ चारों ओर बाउंड्री में सुंदर चित्रकारी कराई गई है। इसके अलावा गार्ड रूम, कार्यालय औषधीय कक्ष, भूसा भण्डार कक्ष का निर्माण कराया गया है। पेयजल के लिए समरसेबुल की व्यवस्था है। गौवशों को हरा चारा, कट्टी, बूसा, खरी, चूनी, चोकर, पशु आहार खाने में दिया जाता है। गौशालाओं में गोवंशों के रहने का अधिकतर स्थान पक्का है। रोजाना गौशाला में साफ-सफाई का कार्य होता है। गोवंशो का गोबर साफ करके खाद गड्ढे में डाला जाता है। पेयजल के लिए पक्की चरही का निर्माण है। चरही में नमक मिलाकर गौवंशो को पानी पिलाया जाता है। साथ ही साथ सप्ताह में दो दिन हर गोवंश को गुड दिया जाता है। दुधारू तथा छोटे-छोटे बच्चों को अलग से रहने तथा चारा पानी की व्यवस्था अलग से बने बाड़े पर होती है। अधिकतर गोवंश हष्ट-पुष्ट और स्वस्थ है। गौशाला में गौवंशो की देखभाल के लिए आधा दर्जन गोपाल की तैनाती है, जो गौवंशो का पूरा ख्याल रखते हैं। साथ ही साथ प्रधान दीपक तिवारी तथा छोटे भाई राजीव तिवारी द्वारा रोज गौशाला में जाकर तीन चार घंटे गौवंशो की देखभाल और गोसेवा करते हैं।

# स्नेहा को न्याय दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज

चित्रकूट ब्यूरोः कुछ दिन पहले वाराणसी के एक हॉस्टल में 17 वर्षीय स्नेहा कुशवाहा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। मृतका के परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या है। परिजनों ने वाराणसी पुलिस पर मामले को दबाने और लीपापोती करने का आरोप भी लगाया है।

स्नेहा कुशवाहा, जो रोहतास जिले के सासाराम तकिया निवासी सुनील सिंह की बेटी थी, वाराणसी में पढ़ाई कर रही थी। उसका शव हॉस्टल की खिड़की से लटका हुआ मिला था, जिसे परिजनों ने हत्या का मामला करार दिया, उनका कहना है कि मृतका की हत्या कर शव को आत्महत्या के रूप में पेश करने की कोशिश की गई है। स्नेहा की मौत के बाद रविवार को चित्रकूट जिले में विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल भारतीय कुशवाहा महासंघ के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में कर्वी नगर के एलआईसी तिराहा शहीद स्मारक पार्क पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां कई समाज के लोगों ने स्नेहा को न्याय दिलाने की मांग की। कुशवाहा महासभा और कई समाज के लोग हाथ में कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा। कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा व बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने कहा कि यह एक सुनियोजित हत्या है और दोषियों को बचाने के लिए इसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में टालमटोल कर रही है। कुशवाहा समाज इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा। कुशवाहा महासभा पहाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने कहा घटना की तस्वीर जो सामने आयी थी उसको देखकर यह कहीं से नहीं लगता है कि यह आत्महत्या हैं, बल्कि हत्या कर सबूत मिटाने की साजिश है। इसमें हॉस्टल संचालक व पुलिस दोनों ही शामिल है। जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती,तब तक कुशवाहा समाज चैन से नहीं बैठेंगा।

# बु. वि. सेना क्षेत्र के सभी विधायक बुन्देली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रस्ताव पास विधानसभा में करायें : टीटू कपूर

**एनपीटी ब्यूरो**

ललितपुर । बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि 100 समस्याओं का निदान है बुन्देलखण्ड प्रान्त । बगैर पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त के क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है । उन्होंने कहा कि उ. प्र. सरकार द्वारा बुन्देली भाषा को विधानसभा में प्रयोग की जाने वाली भाषा में शामिल करने का हमारा संगठन स्वागत करती है । परंतु इसके साथ ही हमारे बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विधायकों को एक साथ एक मत होकर विधानसभा में बुन्देली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने तथा पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का प्रस्ताव पारित कराने की पहल करना चाहिए ।



बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि बु. वि. सेना पिछले 25 वर्षों से पृथक बुन्देलखण्ड राज्य के लिए गांधीवादी तरीके अपना आन्दोलन चलाने वाला गैर राजनैतिक संगठन है । उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दो राज्यों की सीमा से जुड़ा हुआ देश का प्रमुख भूभाग बुन्देलखण्ड वर्षों से केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की उपेक्षा का शिकार है । बेरोजगारी , अशिक्षा , चिकित्सा , पेयजल सड़क ,बिजली , उद्योगशून्यता जैसी समस्यों से जूझ रहे बुन्देलखण्ड को प्राकृतिक विभीषिकाओं ने तोड़कर रख दिया है । पूर्व सरकारों के आश्वासनों के बावजूद वर्तमान केन्द्र सरकार ने बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के सम्बन्ध में आज तक कोई पहल नहीं की जबकि चुनाव के दौरान बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण की मांग को उचित बताते हैं ।

बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि बुन्देलखण्ड विकास सेना आने वाले समय में पूरे क्षेत्र में घूम घूमकर प्रान्त निर्माण के लिए अपना आन्दोलन और तेज करेगी । बैठक में बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया मुन्ना त्यागी , राजकुमार कुशवाहा , अमरसिंह बुन्देला , कदीर खां , गफूर खां , विनोद साहू , बी. डी चन्देल , प्रमोद धानुक , संजू राजा राजीव साहू , रामस्वरूप साहू , मिलन चौहान , प्रदीप साहू , मनोहर भजनलाल , भैय्यन कुशवाहा , लकी बाल्मीकि , मनोज सोनी , राकेश पाचोनी , रब्बू , सतेन्द्र राजपूत , ऊदलसिंह , भगवानदास राजपूत ,

# मेघवंशी समाज चेतना संस्थान झुन्झनू का 21 वां वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं। मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान राजस्थान की शाखा झुंझुनूं का अनुसूचित जाति का 21 वां वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह अंबेडकर पार्क झुंझुनूं में हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान के संरक्षक रामेश्वर कल्याण,मुख्य अतिथि सतवीर सिंह सेवानिवृत्ति आईजी,मुख्य वक्ता डॉ निरंजन चिरानिया उपनिदेशक पशु पालन विभाग एवं एडवोकेट महेंद्र कुमार आनंद,सहित विशिष्ट अतिथि राजेश दहिया जिला महामंत्री भाजपा,शारदा देवठिया प्रधान पंचायत समिति मंडावा,प्रहलाद देवठिया, डॉक्टर जगदीश बरवड़,प्रोफेसर जयलाल सिंह सिरोवा,मोहनलाल वर्मा,डॉक्टर मधु तंवर,मोतीलाल आलडिया,पालाराम मेहता,सुमन चिरानिया,एडवोकेट प्रताप सिंह चौहान,विजय कुमार कल्याण,महावीर प्रसाद सानेल, डॉक्टर संदीप नेमवाल ,डॉ महेंद्र सानेल,सुरेंद्र सुजड़ोला,जगजीत सिंह एवं लीलाधर चौहान,प्रोफेसर किशोर सिंह बरवड़ उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सतवीर सिंह ने समाज फैली कुरीतियों को समाप्त करने की शपथ दिलवाई, डॉ निरंजन चिरानिया ने समाज बाबा साहेब डा अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। राजेश दहिया ने छात्रों को हर परिस्थिति में संघर्ष कर आगे बढ़ने और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर सामाजिक कार्यो में आगे बढ़ने की बात कही। संस्था के जिला संयोजक रामनिवास भूरिया एवं महासचिव मदनलाल गुडेसर ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवसर पर जिले की समस्त अनुसूचित जाति की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया एवं सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महानुभावों को भी सम्मानित किया गया ।जिन छात्र-छात्राओं ने वर्ष 2023झ24 में सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी में 75% स्नातक एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 65% अंक, आईएएस, आरएएस, नीट, आईआईटी,राजकीय सेवा में चयन होने वाली प्रतिभाओ का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बजरंगलाल देवठिया,तनसुख सानेल,राजेश हरिपुरा,प्यारेलाल भूपेश,महेश दौलतपुरा,कैप्टन सांवरमल, मूलचंद बरवड़,मोहनलाल किलानिया, महेश जसरापुर,संदीप टंडन, इंद्राज सिंह भूरिया, ओम प्रकाश भूरिया, हरिराम पिपरालिया, राधेश्याम जीनागल, पुरुषोत्तम बागोतिया, जितेंद्र गर्वा, अनिल बैसरवाल, मुकेश लालपुरिया, हर्षित, अंशु, सरिता, सुमन लता, कमला देवी, सुलोचना देवी सरपंच हंसासरी साहित अनेक महिला एवं पुरुष मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विनोद कुमार लोहिया ने किया।

# द बूंदी बॉडी बिल्डर शो का होगा आयोजन



**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी! फिट बूँदी हिट बूँदी तत्वाधी ह्यद बूंदी बॉडी बिल्डिंग शो-2025ह्र तैयारी को लेकर होटल सेवन हिल्स में सभी कार्यक्रम आयोजक व जिम के सभी संचालक व सदस्यों के साथ बैठक हुई! जिम संचालक वसीम भाई ने बताया बूँदी के युवाओं को अपने स्वास्थ्य और अपने शरीर को फिट रखने के अग्रसर में बूँदी में बॉडी बिल्डिंग शो आयोजत किया जा रहा है जिसमे युवाओं को ज्यादा से ज्यदा जुड़ने का आग्रह किया है

मनीष जैन ने बताया की आगामी 8 मार्च-2025 को होटल सेवन हिल्स में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमे 4 प्रकार की केटीगिरी में प्रतियोगी भाग लेंगे जिसमे बूँदी जिले के नैनवा,तालेडा,हिंडोली.के पाटन सभी जगह से प्रतियोगी भाग लेंगे

ओम धगाल ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य लोकसभा स्पीकर ओएसडी राजीव दत्ता,अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा,विशिष्ठ अतिथि नगरपरिषद सभापति सरोज अग्रवाल, उप सभा पति लटूर भाई मौजूद रहेंगे।इस दोहरान ओम धगाल,मनीष जैन,वसीम खान,बिल्लू, सोनू ,कमल बैरागी, नीरज बिलोजी, इमरान, शब्बीर, लोकेंद्र सिंह, निखिल वर्मा, केशव नाम, किशन गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान बाल सम्बल योजना में मेंटल डिजीज डाउन सिंड्रोम दुर्लभ बीमारी को सूची मे सम्मिलित करने की मांग

**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी! आयुष्मान बाल सम्बल योजना में मेंटल डिजीज डाउन सिंड्रोम दुर्लभ बीमारी को सूची मे सम्मिलित करने की मांग को लेकर बैरवा महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक भंवर लाल बेरवा के नेतृत्व में समाज बंधुओ ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान सरकार मुख्य मंत्री आयुष्मान बाल सम्बल योजना से मिलेगा सम्बल दुर्लभ बीमारियो से पीडित बच्चो की सरकार करेगी सहायता ऐसी 58 बीमारिया बताई गई है। परंतु जो आनलईन मे लिस्ट डाली है उनमे 56 दुर्लभ बीमारिया है जो 18 वर्ष से कम आयु के हो। राजस्थान के मूल निवासी हो। सक्षम चिकित्सा अधिकारी से दुर्लभ बीमारी से पीडित होने का प्रमाणपत्र होने पर सभी अर्हताओ को पूरी करने के पश्चात 5 हजार रूपए मासिक ओर 50 लाख रुपए मिलेगा। सभी अर्हताओ को पूरी करने के पश्चात छात्रा हर्षिता बैरवा पुत्री मनोज कुमार बैरवा निवास इन्द्रा कोलोनी न्य माटूंदा रोड बूंदी राज. मेंटल डिजीज 75 प्रतिशत डाउन सिंड्रोम से ग्रसित है। जो अच्छी तरह बोल भी नहीं सकती



ओर नहीं चल सकती है। जो कि 75 प्रतिशत मानसिक रोग से कमजोर है। जिसका उक्त रोग का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र है। चेहरा सामान्य नही है। कई जगह इलाज करवा चुके हैं। जिसके जन्मजात डाउन सिंड्रोम मेंटल डिजीज का प्रमाण पत्र भी है। डॉक्टर का कहना है कि इसको लाइलाज बीमारी है। यह सामान्य जीवन व्यतीत नहीं कर सकती। सरकार द्वारा जारी लिस्ट में डाउन सिंड्रोम मेंटल डिजीज दुर्लभ बीमारी मे सम्मिलित करने की मांग की। ताकि उक्त रोग से ग्रसित अन्य बालक बालिकाओं को निजात मिल सके।

# 12 वी कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया



**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी! राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगाल में कक्षा 12 की विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया! विदाई कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था प्रधान सीता अजमेरा और प्रधानाचार्य समीर परवेज अंसारी तथा वरिष्ठ अध्यापक बद्री लाल मीणा द्वारा की गई

!विदाई समारोह के प्रारंभ मे मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा समस्त अध्यापकों का गुरु दक्षिणा के रूप में पेन भैट करके सम्मान किया समस्त विद्यालय परिवार की ओर संस्था प्रधान ने कक्षा 12 के समस्त छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर परितोषित देकर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं ने दी !इस दौरान गोपी कृष्ण स्वामी, शिव शंकर शर्मा, ब्रजमोहन मीणा, ललिता चित्तौड़ा, कविता श्रृंगी, चेतना मंगल प्रियंका राणा, नवनीत सोनी, नरेंद्र कुमार मीणा, रामराज गुर्जर, अंजार अहमद, नमो नारायण कुशवाहा, प्रद्युम्न बागड़ी, मनोज खटीक सहित विद्यालय स्टाफ ग्राम वासी अधीनस्थ विद्यालय संस्था प्रधान और अध्यनरत छात्र छात्राएं उपस्थित रही

# अरुणाचल प्रदेश के गृहमंत्री मामा नटुंग का आदिवासी एकता मंच द्वारा किया स्वागत



**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी! चित्तौड़गढ़ में अरुणाचल प्रदेश के गृहमंत्री मामा नटुंग का राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा वरिष्ठ पत्रकार ने आदिवासी नेता एवं अरुणाचल प्रदेश के गृहमंत्री श्रीमान मामा नटुंग किया स्वागतइस मौके पर अरुणाचल प्रदेश के पीएचईडी कमिश्नर क्अर पवन जी सेन,सुरेश कुमार मीणा आर के मीणा तहसीलदार राहुल धाकड़ मौजूद थे।

# बिजयनगर कांड के आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग, आक्रोश रैली निकालकर देंगे समाजजन ज्ञापन

केकड़ी। बिजयनगर रेप व ब्लैकमेल कांड के विरोध में आक्रोश प्रकट करते हुए, इस मामले में दोषियों को कड़ी सजा की मांग को लेकर सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले सोमवार को केकड़ी विधानसभा क्षेत्र में केकड़ी शहर व भिनाय कस्बे में बंद का आह्वान किया गया है। बिजयनगर कांड को लेकर लोग उद्वेलित हो उठे हैं, जिसके चलते एक एक करके कई जगहों पर बंद का आह्वान किया जा रहा है। इसी क्रम में केकड़ी व भिनाय में भी सोमवार को बंद रखा गया है। इन दोनों जगहों पर बंद का आह्वान सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले किया गया है। बिजयनगर ब्लैकमेल कांड के विरोध में सोमवार को केकड़ी बंद रहेगा। बंद का आह्वान सर्व हिन्दू समाज की ओर से किया गया। शनिवार को इस संबंध में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सोमवार को बंद के दौरान सुबह 9 बजे सभी लोग घण्टाघर चौराहे पर एकत्रित होंगे। इसके पश्चात सुबह 11 बजे से आक्रोश रैली निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचेगी। यहां बिजयनगर ब्लैक मेल कांड एवम धर्मांतरण जैसे जघन्य अपराध के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बंद के तहत सभी व्यापारिक संगठनों व शैक्षणिक संस्थानों से इसमें सहयोग करने व दुकानें व स्कूलें बंद रखने की अपील की गई है।

# पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पांच दिन की रिमांड पर लिया

अजमेर । बिजयनगर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रताप सिंह ने बिजयनगर निवासी पांच आरोपियों को तीन दिन के भीतर अपने मकान के दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि दस्तावेज जमा नहीं किए गए, तो मकानों को अवैध मानते हुए विधि अनुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।

बिजयनगर थाना पुलिस ने पूर्व निर्दलीय पार्षद हकीम कुरैशी को गिरफ्तार किया है। मसूदा सीओ सज्जन सिंह ने बताया कि आरोपी वारदात में सहयोगी था और पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है। रविवार शाम को आरोपी को अजमेर के कोटड़ा स्थित पॉक्सो कोर्ट के जज के आवास पर पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

**मामले का पूरा विवरण**

15 फरवरी को बिजयनगर थाने में एक नाबालिग ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद एक और नाबालिग ने मामला दर्ज कराया। फिर तीन अन्य नाबालिग लड़कियों के पिता ने भी पुलिस में शिकायत दी। आरोप है कि एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली इन नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण किया गया, उनकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा था।

इसके अलावा, पीड़ितों को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए विवश करने, कलमा पढ़ने और रोजा रखने के लिए मजबूर करने के भी आरोप लगे हैं। पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में शामिल हैं:

श्रवण (कैफे संचालक), करीम और आशिक को सात दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं लुकमान उर्फ सोहेब (20), सोहेल मंसूरी (19), रिहान मोहम्मद (20) और अफराज (18) को पांच दिन की रिमांड पर लिया गया है। इसके साथ ही पांच आरोपियों को मकान के कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बिजयनगर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रताप सिंह ने बिजयनगर निवासी पांच आरोपियों को तीन दिन के भीतर अपने मकान के दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि दस्तावेज जमा नहीं किए गए, तो मकानों को अवैध मानते हुए विधि अनुसार तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, जामा मस्जिद और कब्रिस्तान को भी नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# फोन टैपिंग विवाद में नेता प्रतिपक्ष जूली ने सरकार को घेरा, कहा- सरकार व मंत्री में कोई झूठ बोल रहा

जयपुर। जूली ने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा और सरकार दोनों ने ही इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के आरोपों में सच्चाई हो सकती है। राजस्थान में फोन टैपिंग विवाद को लेकर सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर राज्य सरकार और मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर तीखा हमला बोला है। टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा नेतृत्व के दबाव में मीडिया के सामने अपने बयान से पलटने के बाद भी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गृह राज्य मंत्री विधानसभा में स्पष्ट कर चुके हैं कि किरोड़ी लाल मीणा का फोन टैप नहीं किया गया। ऐसे में सरकार और मंत्री में से कोई एक असत्य बोल रहा है।जूली ने सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा और सरकार दोनों ने ही इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के आरोपों में सच्चाई हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने फोन टैपिंग के मुद्दे पर विधानसभा में गलत जानकारी दी है, तो वे विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाकर संबंधित मंत्री को जनता के सामने बेनकाब करेंगे।

**समीक्षा बैठक** | प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर अधिकारी पूरी तरह गंभीर रहें - प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 23 फरवरी। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में रविवार को सेंटर फोर एक्सीलेंसी के सभागार में बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रियान्वयन एवं वर्ष 2024-25 की प्रगति के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय का यही विजन है कि बजट घोषणाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जाए। बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के संबंध में भूमि आवंटन/ उपलब्धता/ चिन्हीकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने उक्त कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से समय पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। आमजन के हित में कार्य करना प्राथमिकता हो और इसके लिए सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करें।



जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने विभागों के कार्यों में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चन को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लेकर सभी विभागाधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके। अधिकारी अपने राजकीय दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता और सजगता से करें और कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा अनुसार आवश्यक भूमि का चिन्हीकरण समय पर कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और भूमि चयन करते हुए आमजन कि सुविधाओं और पहुंच का ध्यान रखें।उन्होंने निर्देश दिए कि केशोरायपाटन में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जगह का चयन कर डीपीआर बनाने की कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाए। धनेश्वर में प्रस्तावित स्टोन पार्क की विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए। जैतसागर व नवल सागर के सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार की टेण्डर प्रक्रिया में प्रगति लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणा में शामिल डाबी के कन्या महाविद्यालय के लिए भूमि का चयन कस्बे से ज्यादा दूरी पर नहीं हो। इसके अलावा बूंदी में अम्बेडकर छात्रावास के लिए आवंटित भूमि पर छात्रावास निर्माण के लिए टेण्डर प्रक्रिया जल्द पूरी करें और कार्य शुरू करवाएं। जिला प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि बजट में स्वीकृत पांच एनीकटों की डीपीआर भी शीघ्र तैयार कराई जाए। उन्होंने कहा कि ऐरू नदी पर स्वीकृत एनीकटों से नदी को नया जीवन मिलेगा। घाट का बराना में पशु चिकित्सा उपकेन्द्र के लिए जमीन का चयन किया जाए।

रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व में एंटी पोचिंग सेंटर के तहत चयनित चौकियों में मूलभूत सुविधाओं के कार्य करवाए जाएं।नॉन पेचेबल सड़कों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए। पंच गौरव के तहत जिले के चयनित उत्पादों का बेहतर प्रचार-प्रसार किया जाए।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव कुंजीलाल मीणा, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र मीणा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल,नैनवां प्रधान पदम नागर, तालेड़ा प्रधान राजेश रायपुरिया,अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रवि वर्मा, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कडी सुरक्षा के बीच आज से शुरू हो रही है यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

## हाईस्कूल के 12265 छात्र-छात्राएं व इंटर के 12123 सहित कुल 24388 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षाएं, जिला प्रशासन मुस्तैद

■ 35 परीक्षा केन्द्रों पर होंगी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों की तैनाती



**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर जहां कडी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी वहीं परीक्षा को शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन कराने के उद्देश्य से केन्द्र व्यवस्थापकों, ब्राहय केन्द्र व्यवस्थापकों स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। सभी परीक्षा केन्द्रों को आनलाइन व्यवस्था से भी जोडा गया है। हाईस्कूल के 12265 छात्र-छात्राएं व इंटर के 12123 छात्र-छात्राएं में प्रतिभाग करेंगे। सोमवार से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। यूपी बोर्ड की परीक्षा जनपद के 35 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न कराई जाएंगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। डीएम के निर्देश पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों, ब्राहय केन्द्र व्यवस्थापकों स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, सैक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गयी है। जिला विद्यालय निरीक्षक जेएस शाक्य ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा जनपद के निर्धारित 35 केन्द्रों पर दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। पहली पाली परीक्षा 24 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च तक चलेगी। परीक्षा में हाईस्कूल के 12265 छात्र-छात्राएं व इंटर के 12123 छात्र-छात्राएं सहित कुल 24388 परीक्षार्थी भाग लेगे। प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के अंदर जाने की अनुमति होगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों व ब्राहय केन्द्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति कर दी गयी है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गयी है। परीक्षा केन्द्रों को जनपद एवं राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से ऑनलाइन जोड दिया गया है। मोबाइल फोन, इलैक्ट्रोनिक डिवाइस उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केन्द्रों के बाहर कडी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा को लेकर सचल दलों का भी गठन कर दिया गया है।

# दहेज में स्विफ्ट कार व 10 लाख न मिलने पर विवाहिता का उत्पीडन

## पीडिता की तहरीर पर पति सहित पांच ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी एक विवाहिता ने अपने पति व ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में स्विफ्ट कार व दस लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर मारपीट कर मायके में छोडने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी सुमैया ने महिला थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका निकाह 2021 में दिल्ली के नंदनगरी के सुंदरनगरी निवासी दाउद पुत्र कार समून के साथ हुआ था। निकाह में उसके परिवार वालों ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था लेकिन निकाह के बाद से ही ससुरालिये अतिरिक्त दहेज के रूप में स्विफ्ट कार व दस लाख रुपये की मांग करने तथा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। पति भी आए दिन उसके साथ मारपीट करता, वहीं देवर भी उस पर बुरी नजर रखता था। पीडिता ने आरोप लगाया कि उसकी नदद नुसरत व ननदोई वसीम भी उसके ससुरालियों को भडकाकर दहेज के लिए उकसाते। एक दिन ससुरालिये उसे मायके में छोडकर चले गए। उसके परिजनों ने ससुरालियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ससुरालिये अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अडे रहे। पीडिता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति दाउद, ससुर कारी समून, सास मुन्नी, ननद नुसरत, ननदोई वसीम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यमुना में गिरे मजदूर का शव बरामद

■ परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव को ले गए अपने साथ

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** दो दिन पहले यमुना नदी में गिरे 18 वर्षीय मजदूर नासिर का शव 24 घंटे बाद गोताखोरों ने यमुना से बाहर निकाला। परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए। शुक्रवार रात करीब 8 बजे अपने मां और एक अन्य के साथ हरियाणा से बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा 18 वर्षीय मजदूर नासिर निवासी गांव मुकुंदपुर थाना छपरौली जनपद बागपत चेकिंग के डर से बाइक से उतरकर यमुना पुल के बराबर में रास्ता समझ कर रेलिंग पार करके कूद गया था, लेकिन वहां पर रास्ता न होने के चलते नासिर यमुना नदी में गिर गया था। शनिवार को गोताखोरों ने यमुना में डूबे मजदूर की तलाश की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि रात करीब 8 बजे गोताखोरों ने नासिर के शव को यमुना नदी से बाहर निकाल लिया था। बाद में परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गये।

# विद्युत टीम के साथ अभद्रता करने वाले नेता के खिलाफ मामला दर्ज

कांधला। कैराना बाईपास मार्ग पर चेकिंग करने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम के साथ कांग्रेस नेता ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उन्होंने पोल पर लगी सीढ़ी को खींचकर विद्युतकर्मी को गिरा दिया। ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने थाने में आरोपित के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। कांधला बिजली घर के जेई शैलेंद्र कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को टीजीटू अमित कुमार टीम के साथ कि बाईपास मार्ग पर बकायेदारों के विरुद्ध उच्च अधिकारियों के आदेश पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। टीम कांग्रेस नेता यामीन के मकान पर पहुचीं। बिल जमा नहीं करने पर ऊर्जा निगम का एक कर्मचारी विद्युत पोल पर सीढ़ी लगाकर कनेक्शन काटने के लिए चढ़ा हुआ था। आरोप है इस दौरान पड़ोसी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष जाहिद यामीन मौके पर पहुंचा। आरोप है कि डिस्कनैक्शन के लिए सीढ़ी लगाकर खंभे पर चढ़ रहे कर्मचारियों को यामीन ने सीढ़ी से गिरा दिया। जिसमें कर्मचारी नीचे गिर गया। आग बबूला यामीन ने टीम के साथ अभद्रता करते हुए मौके से दौड़ा दिया। घटना के संबंध में जेई ने पुलिस को तहरीर देकर मामला पंजीकृत करवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने कार्य बाधा डालने व अभद्रता करने के मामले में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

# बोर्ड को उखाडकर नहर में फेंकने से आक्रोश फैला

## अज्ञात लोगों ने ट्रैक्टर से उखाडा बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, मानकपुर का मामला

■ घटना से गुस्साए दलित समाज के लोगों ने काटा हंगामा, पहुंची पुलिस

**एनपीटी संवाददाता**



**शामली।** गढीपुख्ता क्षेत्र में महापुरुषों के बोर्ड व बैनर को क्षतिग्रस्त करने से तनाव बढता जा रहा है। गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव मानकपुर में शनिवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने गांव में लगे बोर्ड को उखाडकर उसे पूर्वी यमुना नदी में फेंकने के मामले में एक बार फिर दलित समाज में आक्रोश फैल गया। सैंकडों की संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए तथा हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर गढीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची तथा किसी तरह मामले को संभाला। पुलिस ने बोर्ड को वापस उसी स्थान पर लगाया। घटना के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गयी है। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात करीब 1 बजे गांव में लगे एक बोर्ड को अज्ञात लोगों द्वारा ट्रैक्टर की मदद से क्षतिग्रस्त कर उसे उखाड डाला तथा एक किलोमीटर दूर उसे भनेडा पूर्वी यमुना नहर में फेंक दिया। बोर्ड तोडने की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। रविवार की सुबह जैसे ही इस बात की सूचना दलित समाज के लोगों को लगी तो उनमें आक्रोश फैल गया। बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए तथा हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही गढीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची तथा किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर शांत करते हुए बोर्ड की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने यमुना नदी के निकट से बोर्ड को बरामद कर लिया। मौके पर मौजूद योगी बाबा कमलनाथ ने कहा किक क्षेत्र में यह तीसरी घटना है जो समाज में विद्वेष फेलाने की साजिश का हिस्सा लगती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों की जल्द पहचान न हुई तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जमीनी स्तर पर कुछ लोग समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। लगातार हमारे महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है। बाबा ने कहा हम भाईचारे से रहने वाले लोग हैं कुछ लोग हमारे भाईचारे को बिगड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा इसी गांव में यह दोबारा घटना हुई है अगर इस तरह की घटना आपके घटित हुई तो पूरा समाज आंदोलन करेगा सड़कों पर निकलकर आंदोलन करेगा। बाद में सैंकडों की संख्या में लोग गढीपुख्ता थाने पहुंचे तथा पुलिस से कार्रवाई की मांग की। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रभात भारती ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रभात भारती तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर उनकी गिरफ्तारी व उन पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर देकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दौरान विरेन्द्र कुमार जिला संगठन मंत्री भीम आर्मी, रवि मंचल, आकाश करणवाल, राहुल कुमार, मोनु बर्मन, खिलारी, जिलाध्यक्ष अक्षय बोकाडिया, शुभम सिंह, जयंत, अनुज कुमार, जयकुमार ठेकेदार, अंकित रमन, अंकुर, प्रवीण कुमार, गोल्डी नोजल, पवन नोजल, बलराम बधेव, आकाश आभा, अंकुर गौतम, जब्बू जयंत, जयवीर कर्मवीर सभासद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार :

### निमार्णाधीन मैरिज होम से जनरेटर चोरी

कैराना। मोहल्ला आलकला मायापुर रोड निवासी बीजेपी नेता अनिल चौहान के पुत्र ललित चौहान ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शामली बाईपास रोड पर उनके मैरिज होम का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए वहां पर जनरेटर रखा हुआ था। शनिवार रात अज्ञात चोरों ने जनरेटर चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने तहरीर लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सहकारी समिति ऊन में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

शामली। 22 फरवरी को ऊन निवासी जहीर ने झिंझाना थाने पर तहरीर देते हुए सहकारी समिति ऊन से दस हजार रुपये की चोरी होने की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो चोरों अमन पुत्र इंतजार निवासी बिडौली शाहदत व उज्जवल पुत्र विरेन्द्र निवासी मौहल्ला ब्राहमणनान कस्बा ऊन को गिरफ्तार करते हुए चोरी की शत-प्रतिशत नकदी भी बरामद कर ली।

### धर्म जाति के बंधन तोड़ो, हाथ मिलाओ भारत जोड़ो

कांधला। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन प्राचार्या प्रो.प्रमोद कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में शिविर का शुभारंभ ईश्वर की वंदना, राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत व योगाभ्यास के साथ किया गया। इसके उपरांत शिविर में प्रतिभाग कर रहीं स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल की सफाई एवं परिसर में स्थित पुराने शिव मंदिर की धुलाई की।

# प्रेसिडेंट एकादश ने सेकेट्री एकादश को दी मात



■ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शामली के डाक्टरों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** इंडियन मैडिकल एसोसिएशन शामली के डाक्टरों के बीच बीएस स्पोर्ट्स एकेडमी में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।क्रिकेट में सेकेट्री एकादश की टीम ने 10 ओवर में 91 रन बनाए, जिसे प्रेसिडेंट एकादश ने 92 रन बनाकर जीत लिया। सलीम जावेद 50 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। टेबल टेनिस में डाक्टर शिखर गुप्ता विजेता रहे। शतरंज में डाक्टर अंकित गुप्ता, महिला वर्ग शतरंज में उर्फी खान विजयी रहे। बैडमिंटन डाक्टर के पी पंवार विजेता रहे। जैवलिन थ्रो पुरुष वर्ग में डाक्टर के पी पंवार, महिला वर्ग में नेहा विजयी रहे। डिस्कस थ्रो में डाक्टर प्रियंका गुप्ता विजयी रहे। शाटपुट पुरुष वर्ग में डाक्टर शिखर गुप्ता, महिला वर्ग में नेहा विजयी रहे। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में डाक्टर अकबर खान व महिला वर्ग में डाक्टर प्रियंका विजयी रही। 1500 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में डाक्टर के पी पंवार, महिला वर्ग में डाक्टर प्रियंका विजयी रही। आईएमए के अध्यक्ष डाक्टर शिखर गुप्ता व सचिव डाक्टर अंश वर्मा ने बताया कि पुरुष वर्ग में डाक्टर के पी पंवार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। वहीं महिला वर्ग में डाक्टर प्रियंका गुप्ता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही।

# ट्यूबवैलों में चोरी के आरोपित गिरफ्तार, तार बरामद

## कई किसानों की ट्यूबवैलों में की थी वारदात, उपकरण व चाकू भी बरामद

**एनपीटी संवाददाता**



**शामली।** झिंझाना पुलिस ने ट्यूबवैलों पर हुई चोरियों के मामले में तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी किया गया तीन किलोग्राम तार, प्लास व चाकू भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार झिंझाना क्षेत्र के गांव लव्वादाउदपुर निवासी कुलदीप ने अपने व गांव के अन्य किसानों ईश्वर पुत्र जयपाल, राकेश पुत्र अभयराम, ओमप्रकाश पुत्र मामचन्द व कवरपाल पुत्र श्याम सिंह के खेतो में स्थित ट्यूबवेलों से केबिल को चोरी करने के सम्बन्ध में थाने पर तहरीर दी थी, इसके अलावा महीपाल पुत्र मुंशीराम निवासी ग्राम दथैडा थाना झिंझाना जनपद शामली ने भी अपनी व अपने पडौसी सतपाल पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम चौसाना, अय्युब पुत्र सुक्खन निवासी ग्राम चौसाना व ग्राम दथैडा निवासी लक्ष्मण पुत्र चेतराम, य़शपाल उर्फ गुड्डू पुत्र प्रेम, विक्रान्त पुत्र संदीप, जयवीर पुत्र सुल्तान व ग्राम पठानपुरा मांगा पुत्र सूरता के खेतो में स्थित ट्यूवेलो से केबिल चोरी करने के सम्बन्ध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने गांव गढी हसनपुर के जंगल से तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से चोरी किया गया तार, चोरी में प्रयुक्त प्लास, दरांती, बसाका व चाकू भी बरामद किया है। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम शफीक पुत्र अख्तर, महताब पुत्र सरफराज निवासीगण गांव नया कुंडा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर व गुलफाम पुत्र कलवा निवासी फरकनगर थाना टिल्ला मोड जनपद गाजियाबाद बताए।

# युवक पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र निवासी एक छात्रा ने कोचिंग सेंटर पर पढने वाले छात्र पर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बनाने तथा शादी न करने पर फोटो वायरल करने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस से गुहार लगायी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार आदर्श मंडी क्षेत्र निवासी एक छात्रा ने आदर्श मंडी थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह शहर के एक कोचिंग सेंटर पर पढती है जहां एक युवक चांद भी पढता है। पढाई के दौरान उनमें बातचीत होनी लगी। पीडित छात्रा का आरोप है कि एक दिन चांद ने उसे एक जगह बुलाकर उसे कोल्ड डिंक्क में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसके साथ

■ पीडित छात्रा की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज, कार्रवाई शुरू

छेडछाड करते हुए उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। इसके बाद चांद उसे आए दिन फोन करके परेशान करने लगा तथा उस पर शादी करने का दबाव बनाया। उसके इंकार करने पर उसने फोटो वायरल करने की धमकी दी तथा परिवार को भी बर्बाद करने की धमकी दी। पुलिस से आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगायी। पुलिस ने आरोपित युवक चांद पुत्र नौबहार निवासी गांव ताना गढीपुख्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शिविर में छात्र-छात्राओं को दिया योग का प्रशिक्षण

**शामली।** शहर के वीवीपीजी कालेज में चल रहे सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन छात्र-छात्राओं को जहां योग का अभ्यास कराया गया वहीं छात्र-छात्राओं के ब्लड की जांच कर उनके ग्रुप से अवगत कराया। जानकारी के अनुसार शहर के वीवीपीजी कालेज में चल रहे शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ यूथ शूटिंग एवं स्पोटर्स क्लब के संचालक एवं योग प्रशिक्षक गौरव मलिक ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को यौगिक क्रियाओं सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराते हुए योग से होने वाले फायदों से अवगत कराया। शिविर में डा. सावेज अली ने छात्र-छात्राओं के ब्लड लेकर उन्हें खून ग्रुप की जानकारी दी। इस मौके पर गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वीटी, अंजली, अनु, इकरा, रिजवाना, वंदना, मधु, तुषा, संजना व गुलशन ने भाग लिया।

# 26 को मनाई जाएगी महाशिवरात्रि, मंदिरों में तैयारियां शुरू

## हरिद्वार से कांवड में गंगाजल लेकर शहर से गुजर रहे बडी संख्या में कांवडिये, गूंज रहे जयकारे

**एनपीटी संवाददाता**





**शामली।** 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर जहां मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गयी है वहीं हरिद्वार से कांवड में गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्त कांवडियों भी बोल बम के जयकारे लगाते हुए शहर से गुजर रहे हैं। रविवार को भी बडी संख्या में कांवडिये शहर से होकर निकले।

जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए शहर के मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गयी है। बुधवार को पर्व जिलेभर में उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम, सिद्धपीठ गुलजारीवाला मंदिर, भाकूवाला मंदिर, सदाशिव मंदिर रेलपार, शिवमूर्ति सुभाष चौंक, शिव मूर्ति गांधी चौंक सहित सभी मंदिरों में कमेटियों द्वारा तैयारियों जोरों शोरों से की जा रही है। शहर के माजरा रोड स्थित भाकूवाला मंदिर में महाशिवरात्रि पर महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए तैयारियां की जा रही है। दूसरी ओर हरिद्वार से कांवड में पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले कांवडियों का आगमन भी तेज हो गया है। रविवार को भी बडी संख्या में कांवडिये बोल बम के जयकारे लगाते हुए शहर से होकर निकले। कांवडियों ने शिवमूर्ति पर भगवान भोलेनाथ के मंदिर की परिक्रमा की, इसके बाद जयकारे लगाते हुए आगे बढ गए। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु अपने ईष्टदेव भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

# स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के द्वारा एक अधिवेशन का आयोजन

कांधला। नगर के नगर पालिका प्रांगण में स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के द्वारा एक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय कर्मियों की स्थानीय एवं प्रान्तीय समस्याओं पर विचार विमर्श कर उनके निस्तारण पर जोर दिया गया।

रविवार को नगर पालिका परिषद के प्रांगण में स्वायत शासन कर्मचारी संगठन के द्वारा एक अधिवेशन का आयोजन किया गया।अधिवेशन में निकाय कर्मी के प्रतिनिधियों द्वारा निकाय कर्मियों की स्थानीय एवं प्रान्तीय समस्याओं के सम्बन्ध में प्रकाश डाला। इससे पूर्व में सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन को निरन्तर कई बार 20 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में मांग पत्र प्रेषित किए जा चुके है। जिससे निकाय कर्मियों की ज्वलन्त समस्याओं के निस्तारण की अपेक्षा सरकार से की गयी है, परन्तु सरकार द्वारा बरती गई उदासीनता एवं उपेक्षा के कारण निकाय कर्मियों में काफी रोष एवं क्षोभ व्याप्त है। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष नजमुल इस्लाम, सुरेश कुमार अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे। संचालन सोहनबीर सिंह ने किया। अध्यक्षता ललित त्यागी के द्वारा की गई।

# लायंस क्लब शामली क्राउन ने लगाया मेडिकल कैंप

## कैंप में विभिन्न बीमारियों से पीडित 736 मरीजों ने कराया परीक्षण

**एनपीटी संवाददाता**



**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा रविवार को आयोजित विशाल मेडिकल परीक्षण कैंप में 736 मरीजों ने अपनी जांच कराई। चिकित्सकों ने मरीजों को उचित परामर्श भी दिया।

जानकारी के अनुसार लायंस क्लब शामली द्वारा रविवार को मालेंडी स्थित गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल कालेज में विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल रहे जबकि कैंप का उद्घाटन लायन एके मित्तल ने किया। कैंप में पेट रोग, लीवर, हड्डी रोग, मस्तिष्क रोग, कैंसर, नेत्र रोग, ईसीजी, फेफड़ों संबंधी रोग, नाक-कान-गला रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग, हड्डियों में कैल्शियम की जांच, फेफड़ों की जांच, पी एफटी, ब्लड शुगर आदि की जांच और परामर्श निःशुल्क प्रदान किया गया। कैंप में यथार्थ हास्पिटल नोएडा के चिकित्सकों व गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल एवं अस्पताल के स्टाफ ने 736 मरीजों को चिकित्सकों ने परामर्श भी दिया। कैंप में डा. नीरज वशिष्ठ अभिलाष गुप्ता, अमित वर्मा, अंकुर गोयल, अरुण गर्ग, आशु गर्ग, भारत संगल, डॉक्टर अर्जुन वर्मा, गौरव कालरा, डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ, निपुण जैन, प्रभात मित्तल, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रतीक गर्ग, राहुल वर्मा, रामगोपाल शर्मा, संदीप जिंदल, संजय संगल, सोमेश मित्तल, विजय संगल, विजय शर्मा, आशीष गोयल, विनीत गोयल, अमित कुच्चल, अंकित जैन, अनुराधा संगल, अंजू शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन लायन गौरव मित्तल एडवोकेट ने किया।

## चीन प्रांत के मकाऊ शहर में उद्योगपति लुतफल हक
# आईकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से हुए सम्मानित

एनपीटी ब्यूरो

रंगमंच साझा करने से नहीं बल्कि नेक किरदार अदा करने से मिलता है मान-सम्मान और अवार्ड। दरअसल इस पंक्ति की वास्तविकता पर गौर करे तो हकीकत में शहर के नामचीन हस्ती समाजसेवी सह- उद्योगपति लुतफल हक के साथ फिट बैठता है। पाकुड़ के चर्चित और नामचीन समाजसेवियों में शुमार उद्योगपति लुतफल हक ने एक बार फिर जिले वासियों को गौरवान्वित किया है। उद्योगपति लुतफल हक को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चीन प्रांत के मकाऊ में आईकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से सम्मानित किया गया है। देश के मशहूर पत्रकार और हिंदुस्तान अखबार के प्रधान संपादक शशि शेखर ने अपने हाथों लुतफल हक को अवार्ड प्रदान किया है। आयोजित सम्मान समारोह में भारत देश के अलग- अलग हिस्सों से तीन दर्जन जानी-मानी हस्तियां शामिल हुए थे। इनमें लुतफल हक का नाम भी खास तौर पर शामिल किया गया था। देश- विदेशों में दर्जनों बार सम्मानित हो चुके लुतफल हक गरीबों की मदद के लिए जाने जाते हैं। असहाय और जरुरतमंद लोगों को मदद पहुंचाना







उनकी पहचान बन चुकी है। पाकुड़ जैसे पिछड़े और छोटे से जिले से निकलकर चीन प्रांत के मकाऊ में सम्मान हासिल करने वाले समाजसेवी लुतफल हक ने जिले का नाम रौशन किया है। अवार्ड प्रदान के दौरान भरे समारोह में लुतफल हक की दरियादिली से खुश हिन्दुस्तान अखबार के प्रधान संपादक शशि शेखर भी खुद को रोक नहीं पाया और उन्होंने लुतफल हक की तारीफों के पुल बांध दिया। प्रधान संपादक शशि शेखर ने समाजसेवी सह- उद्योगपति लुतफल हक के सामाजिक कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि गरीबों की मसीहा बनकर जो काम सालों से करते आ रहे हैं, वह वाकई में प्रेरणादायक और प्रशंसनीय भी है। कहा कि जिस वक्त कोरोना वायरस के कहर से पूरा देश खौफ में था, लोग सिर्फ अपनी जान बचाने के लिए ही सोचने पर मजबूर हो गये। लुतफल हक ने लोगों की मदद के लिए अपने दोनों हाथ खोल दिया। जिनके घर के चूल्हे रोजाना मेहनत मजदूरी से जलते थे, उन गरीब मजदूरों के परिवारों के सामने संकट आन पड़ी थी। उस दौरान लुतफल हक जैसे समाजसेवी ने गरीबों के घर राशन पहुंचाया। लोगों की जान बचाने के लिए अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर, सैनिटाइजर और मास्क मुहैया कराया। पाकुड़ रेलवे स्टेशन में रोजाना लगभग 300 गरीबों को हर दिन भोजन कराया जा रहा है। आर्थिक रूप से मदद पहुंचा कर गरीब बेटियों की शादी में सहयोग कर उनका घर बसा रहे हैं। लुतफल हक गरीबों की उम्मीद बन गये हैं। निश्चित रूप से लुतफल हक समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गये हैं। इधर लुतफल हक ने दूरभाष पर कहा कि शशि शेखर जी का मैं शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझे इस मंच पर सम्मानित किया। यह सम्मान मैं उन बेबस भाई- बहनों और माताओं को समर्पित करना चाहूंगा, जिनकी दुआओं ने मुझे यहां तक पहुंचाया। मेरी उन भाई- बहनों और माताओं के आशीर्वाद से ही मुझे यह सम्मान नसीब हुआ है। निश्चित रूप से समाजसेवा में मुझे इससे हौसला मिलेगा। लुतफल हक ने कहा कि मैं खुदा से बस यही दुआ मांगता हूं कि इसी तरह गरीबों की सेवा का अवसर मिलता रहे।

# मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले का जांच करेगा कौन?
## एसआईटी या फिर सीआईडी?




एनपीटी ब्यूरो

झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक मामला तेज है। हर दिन इस मामले से जुड़े नये-नये मोड़ प्रकाश में आ रहा है। मामले में पुलिस ने अब तक 5 लोगों को हिरासत में लिया है। गिरिडीह जिले से 2 शिक्षक और 2 छात्रों को पकड़ा गया है, जबकि मधुपुर से प्रिंस कुमार को हिरासत में लिया गया है। प्रिंस का भाई एक कोचिंग सेन्टर चलाता है। वहीं प्रशासन की तरफ से पेपर लीक और अब तक की जांच रिपोर्ट स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेज दी है। शिक्षा विभाग इस मामले की जांच के लिए एसआईटी (विशेष जांच दल) या सीआईडी (अपराध जांच विभाग) को नियुक्त करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे शिक्षा मंत्री की मंजूरी के बाद गृह विभाग को भेजा जायेगा। मुख्यमंत्री की सहमति मिलने के बाद एसआईटी या सीआईडी जांच शुरू करेगी। अभी तक की जांच काफी उलझी हुई है। पेपर लीक कैसे और कहां से हुआ, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। हालांकि ये जरूर सामने आया है कि 20 फरवरी को विज्ञान विषय की परीक्षा हुई थी, लेकिन इसका प्रश्न पत्र 18 फरवरी की रात को ही वायरल हो गया था। वायरल हुए प्रश्न पत्र की तुलना जैक के असली प्रश्न पत्र से की गई, तो दोनों पूरी तरह मेल खा गये। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जैक ने कोडरमा, गिरिडीह और गढ़वा जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखकर जांच के निर्देश दिये थे। इन जिलों में सबसे पहले पेपर लीक की सूचना मिली थी। जांच के कई मोड़ सामने आने के बाद एसआईटी बनाने की जरूरत इसलिए महसूस की जा रही है, क्योंकि पेपर लीक के मामले कई जिलों में सामने आये हैं। जिला स्तर पर जांच चल रही है, लेकिन अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि पेपर कहां और कैसे लीक हुआ। एसआईटी या सीआईडी के जरिए पूरे राज्य में एक ही एजेंसी द्वारा बेहतर और प्रभावी जांच हो सकेगी। पुलिस लगातार इस मामले में कारवाई कर रही है। गिरिडीह और कोडरमा में संदिग्ध लोगों से पूछताछ जारी है। जिला स्तर पर जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है। गिरिडीह में पकड़े गए दो शिक्षकों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हाड़ोडीह के पारा शिक्षक मोहन कुमार वर्मा शामिल हैं, जो एक कोचिंग सेन्टर में पढ़ाते हैं। उनके साथ एक निजी विद्यालय के शिक्षक टिंकू निगम को भी हिरासत में लिया गया है। मधुपुर से पकड़े गये प्रिंस कुमार को कोडरमा में चल रही जांच के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है। वह मूल रूप से चतरा का रहने वाला है और देवघर में अपने मामा के यहां रहकर पोल्ट्री फार्म चलाता है। हालांकि, प्रिंस की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रश्न पत्र वायरल करने के मामले में भी जैक ने कदम उठाया है। जैक अध्यक्ष ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखकर ऐसे यूट्यूब चैनलों और व्हाट्सऐप ग्रुप्स की पहचान करने और उन पर प्रतिबंध लगाने को कहा है, जो फर्जी प्रश्न पत्र शेयर कर परीक्षा की गरिमा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जैक ने जैक अपडेट सर और शिक्षा लैब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का नाम भी अपनी शिकायत में दिया है। जिलों को इस मामले में उठाए गये कदमों की जानकारी जैक को देने को कहा गया है।

# लोदमदाग में रैयतों की जमीन पर बिना सहमति के किया जा रहा है सड़क चौड़ीकरण कार्य, ग्रामीणों में आक्रोश



एनपीटी ब्यूरो

लातेहार जिले के बारियातू से फुलसू - लाटू होते हेरहंज तक बन रही सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर बारियातू स्थित लोदमदाग के ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों व रैयतों का आरोप है कि संवेदक दिनेश चंद्र अग्रवाल द्वारा हम लोगों कि निजी जमीन पर बिना किसी सहमति और मुआवजा के ही सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीण रघुनाथ उरांव, रघु उरांव, आशीष उरांव, बसंती देवी, उर्मिला देवी, रामदेव उरांव, निरंजन उरांव, सुशांति देवी, नमर्दा कुमारी, शांति देवी, मानती कुमारी, निरंजन उरांव, कपील उरांव, दीलीप उरांव, आकाश उरांव, महेंद्र उरांव , जसोदा देवी, गीता कुमारी, अनील उरांव, बालकिशुन उरांव, दिनेश उरांव, बासुदेव लकड़ा, सहित कई ग्रामीणों व भूरैयतों ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया का पालन किए ठिकेदार और प्रशासन के अधिकारी हमारी निजी स्वामित्व वाली भूमि पर खोदाई करवा रहे हैं। इससे न सिर्फ हमारी जमीन प्रभावित हो रही है बल्के मकानों और खेतों को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने आगे कहा कि सड़क चौड़ीकरण के लिए यदि मेरी जमीन का अधिग्रहण करना था, तो इसके लिए उचित प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी, न तो मुआवजे की बात की गई और न ही किसी तरह की हम सभी से सहमति ली गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब हमरे द्वारा इस कार्य का विरोध किया तो हमारी बातों को नजरअंदाज कर दिया गया। यदि जल्द ही इस मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो हम सभी उग्र आन्दोलन करेंगे और कार्य को रोकने के लिए मजबूर होंगे। रैयतों व ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त व सड़क निर्माण विभाग से मांग किया है कि निजी जमीन पर हो रहे कार्य को तत्काल रोका जाए, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत उचित मुआवजा दिया जाए, रैयतों की सहमति के बिना कोई भी कार्य न किया जाए, इस मामले में हस्तक्षेप कर हम सभी भूरैयत व ग्रामीणों को न्याय दिलाए, ग्रामीणों ने साफ तौर पर एक स्वर में कहा कि अगर हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध मे पंचायत के मुखिया सरिता देवी पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव ने पूछें जाने पर कहा कि लोदमदाग के ग्रामीणों का निजी जमीन पर सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य करना अनुचित है। विभाग को पहले उचित मुआवजे और सहमति कि प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए थी। इस संबंध मे संवेदक से बात करने पर बताया कि दो तीन दिनों के अन्दर विभाग के जई और अमीन के द्वारा मापी कराई जायेगी और प्रक्रिया के तहत सभी स्वामित्वधारी रैयतों को मुआवजा दिया जायेगा।

## हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायक गणों की हुई बैठक



एनपीटी ब्यूरो, रांची, 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत षष्टम झारखण्ड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र को ले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायक गणों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 24 फरवरी से 27 मार्च तक आहूत षष्टम झारखण्ड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के संदर्भ में विचार- विमर्श हुआ। बैठक में महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, पाकुड़ विधायक निशात आलम व लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्कूल की वार्षिक समारोह में चैयरमेन ने बच्चों को किया सम्बोधन




एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत हारून मुल्ला एकाडेमी गदरपाड़ा प्रबंधन की ओर से वार्षिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम ने समारोह में उपस्थित स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करें, ताकि लक्ष्य की शिखर तक पहुंचने में कोई आशंका न रहे। उन्होंने अभिभावकों को अपील करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई दिलाने में प्रयत्नशील रहना चाहिए, ताकि बच्चों का भविष्य आज के कंपटीशन दौर में संवारने में कोई कमी ना रहे। मौके पर जुलिया रकसाना, प्रधान शिक्षक बबीरुल इस्लाम, राजीव कुमार यादव, संजीव कुमार घोष, मृणाल कांति सरकार अन्य मौजूद रहे।

## बारियातू में शिवरात्रि के शुभ अवसर पर 26 फरवरी को अखंड भजन-चर्चा का होगा आयोजन

लातेहार( झा०खं०), लातेहार जिले के बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय के बस्ती स्थित देवी मंडप परिसर में 26 फरवरी 2025 बुधवार को शिव रात्रि के पावन अवसर पर अखंड भजन-चर्चा का भव्य आयोजन होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए विष्णुदेव गुरु भाई ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा और विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ दिन भर चलेगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रांची के अवधेश गुरु भाई उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची के सुखदेव गुरु भाई, प्रखण्ड के बालुभांग से संजय केसरी गुरु भाई , सोनी गुरु बहना, चंद्रदेव गुरु भाई, फुलमतिया गुरू बहना, तिलक गुरु भाई सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। शिवभक्तों के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां वे भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह धार्मिक कार्यक्रम 26 फरवरी को सुबह 9 बजे से प्रारम्भ होगा और विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ दिनभर चलेगा। सुबह 9:00 बजे से 10:15 बजे तक अखंड भजन, पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक आध्यात्मिक चर्चा, साथ ही प्रसाद एवं भंडारा का भी व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## महाशिवरात्रि पर्व मनाने को ले हुई शान्ति समिति की बैठक

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पाकुड़ नगर थाना परिसर में अनुमण्डल पदाधिकारी साईमन मरांडी की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंचलाधिकारी भागीरथ महतो, थाना प्रभारी प्रयाग राज, सुरेश अग्रवाल, हिसाबी राय, जवाहर सिंह अन्य समेत काफी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक के दौरान अनुमण्डल पदाधिकारी ने उपस्थित शहर वासियों से शांतिपूर्ण तरीके से महाशिवरात्रि पर्व को मनाने के ध्यानार्थ महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली। तत्पश्चात अनुमण्डल पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कई दिशानिर्देश दिया।

## जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम ने बालू घाटों से बालू उठाव को ले की समीक्षा बैठक, दिया निर्देश

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), जिला परिषद अध्यक्ष जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम ने अपने कार्यालय कक्ष में बालू घाटों से बालू उठाव को ले जिले के विभिन्न पंचायत बालू घाटों से जुड़े पंचायत मुखिया- अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में समीक्षा के उपरांत उन्होंने बालू का उठाव नियमानुसार करने समेत बालू ट्रैक्टर से ओवरलोड न करने, बालू ओवरलोडेड ट्रैक्टर/ वाहन का परिचालन ना करने देने हेतु आवश्यक अवयवों को सुनिश्चित करने की ताकीद की। जिला परिषद अध्यक्ष जुली ख्रिष्टमणी हेम्ब्रम ने बालू का उठाव सुबह 6:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक ही सुनिश्चित करने का निर्देश बालू घाटों से जुड़े सम्बन्धित पंचायत मुखिया-अध्यक्ष को दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए मुखिया व पंचायत के अध्यक्ष को सख्त ताकीद करते हुए कहा कि हर हाल में बगैर चालान के बालू लोडेड वाहन/ ट्रैक्टर का परिचालन न हो, इस पर आवश्यक निगरानी रखे, ताकि राजस्व का क्षति न हो। आपको बता दे जिले में बालू घाटों से बालू का उठाव बालू घाटों के सम्बन्धित पंचायत के माध्यम से ही मुखिया- अध्यक्ष की निगरानी में किया जाता है। जिसके निमित्त आवश्यक बिन्दुओं पर आज विशेष रूप से चर्चाएं भी की गई। ताकि गाइडलाइन का अनुपालन में कोई आशंका न रहे।

## लातेहार झारखंड का पहला जिला होगा, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है- मंत्री योगेंद्र प्रसाद

एनपीटी ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), टाउन हॉल परिसर मे स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ मंत्री योगेंद्र प्रसाद, डायरेक्टर डॉ. नेहा अरोड़ा, परियोजना निदेशक सी. श्रीनिवासन एवं उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण मे उपस्थित जलसहिया, मास्टर ट्रेनरों को मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि लातेहार झारखण्ड का पहला जिला होगा, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वे 45-50 दिनों के भीतर लातेहार दोबारा आएंगे और इस कार्यक्रम की प्रगति को देखेंगे। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ सी. श्रीनिवासन ने अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट, मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट आदि का प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर और द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केन्द्रों पर किया जाता है। जबकि तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर होता है। प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, मस्त राम मीणा ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण हेतु ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकों को अपनाना अनिवार्य है। उन्होंने हरित एवं स्वच्छ झारखण्ड के लक्ष्य को साकार करने के लिए कचरा प्रबंधन की आधुनिक प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि लातेहार जिला पूरे राज्य के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार, एक विकसित पर्यटन स्थल के रूप में पहचाना जाता है, और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन आज की आवश्यकता बन गई है। इससे लातेहार जिला स्वच्छ और सुंदर बनेगा। डॉ. अरोड़ा ने विश्वास जताया कि अगले एक वर्ष में लातेहार स्वच्छता के सभी मानदंडों को पूरा कर 5- स्टार जिलाह के रूप में विकसित होगा। उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जिले को शून्य-अपशिष्ट बनाने के लक्ष्य पर बल दिया। कहा कि इस अभियान के तहत जिले को एक स्वच्छ, हरा-भरा और कचरा मुक्त क्षेत्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कचरे के उचित प्रबंधन से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे जिले में स्वच्छता के साथ-साथ सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी पंचायतों से 230 जलसहिया एवं नगर पंचायत की 60 एसएचजी महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये प्रशिक्षु मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे यह कार्यक्रम जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, उपनिर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता दीपक महतो, गोपनीय पदाधिकारी श्रेयांस सहित अन्य उपस्थित थे। इससे पूर्व उपायुक्त लातेहार ने मंत्री को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के प्रधान सचिव श्री मस्त राम मीणा, स्वच्छ भारत मिशन की डायरेक्टर डॉ. नेहा अरोड़ा तथा भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक एवं सलाहकार सी. श्रीनिवासन का पौधा देकर स्वागत किया गया।

## विजयनगर जोनल कार्यालय का कंस्ट्रक्शन वर्क पूर्ण, नगर आयुक्त ने लिया जायजा,कार्य की रफ्तार बढ़ाने के दिए निर्देश

# निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो शेष कार्य-नगर आयुक्त

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। विजयनगर जोन अंतर्गत नये जोनल कार्यालय को बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्माण की टीम के साथ चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया मौके पर कंस्ट्रक्शन वर्क लगभग पूर्ण मिला फिनिशिंग के कार्य पर तेजी से कार्य करने की निर्देश टीम को दिए गए ग्राउंड फ्लोर के साथ-साथ फर्स्ट फ्लोर भी पूर्ण हो चुका है फोर सीलिंग लाइटिंग में अन्य कार्य मौके पर चल रहे हैं पार्किंग की व्यवस्था आगंतुकों हेतु अलग से की गई है, पार्किंग का क्षेत्रफल 411 वर्ग मीटर लिया गया है'



मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार विजयनगर जोनल कार्यालय का कार्य तेजी से कराया जा रहा है स्वयं नगर आयुक्त महोदय द्वारा समय-समय पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया, लगभग 5 करोड़ 29 लाख की लागत से जोनल कार्यालय बनाया जा रहा है मई 2025 में समस्त कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे विजयनगर क्षेत्र वासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 411 स्क्वायर मीटर में पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है'

विजयनगर जोनल कार्यालय 2964 स्क्वायर मीटर एरिया में बनाया जा रहा है जोनल टीम के अलावा प्रकाश उद्यान जलकल निर्माण विभाग की टीम भी कार्यालय में रहेगी जिनके लिए अलग-अलग ऑफिस बनाए गए हैं, नगर आयुक्त द्वारा शौचालय को आधुनिक रूप देने के लिए भी निर्देश टीम को दिए गए हैं जिसके क्रम में निर्माण विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, मौके पर लक्षद्वीप इंफ्रास्ट्रक्चर की टीम भी उपस्थित रही'

## रमते राम रोड व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा आयुष्मान कार्ड कैंप,बीपी, शुगर निशुल्क प्रशिक्षण तथा आंखों का निशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबाद। रमते राम रोड व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा बत्रा स्टील फर्नीचर रमते राम रोड गाजियाबाद प्रातः 10:30 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक आयुष्मान कार्ड कैंप,बीपी, शुगर निशुल्क प्रशिक्षण तथा आंखों का निशुल्क प्रशिक्षण में दवाई वितरण का आयोजन किया गया कैंप का उद्घाटन रमतेराम रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश स्वामी ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व रेलवे बोर्ड सदस्य बाल किशन गुप्ता उपस्थित रहे कैंप में आए सभी अतिथियों का रमते राम रोड व्यापार मंडल चेयरमैन प्रवीण बत्रा ने स्वागत किया कैंप में मुख्य रूप से राकेश स्वामी, पंडित अशोक भारतीय, बालकिशन गुप्ता, राजेश बंसल,प्रवीण बत्रा, विनोद गोयल, सौरभ यादव, प्रवीन कुमार, मुलायम पार्षद, आशु पंडित, अजीत निगम पार्षद, प्रवीण आर्य, अनिल चितकारा, दीपक चितकारा, दीपक कुमार गर्ग, वीरेंद्र कंडेरे, रोहित अनेजा, अरुण सिंह, पलक गुप्ता ,रेखा शर्मा ,पंकज व सत्यम आदि उपस्थित रहे कैंप में सैकड़ो लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा निशुल्क चेक अप और दवाई का लाभ उठाया कैंप में 36 लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाये और स्वास्थ्य विभाग तथा रमतेराम रोड व्यापार मंडल का धन्यवाद दिया

# ग्रेटर पैंथर ने 10 विकेट से जीता विराज प्रीमियर लीग टूनार्मेंट



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत ने विराज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया। टूनार्मेंट में आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला ग्रेटर पैंथर और गाजियाबाद सिटी सूरमाज के बीच हुआ, जिसमें ग्रेटर पैंथर की टीम ने 10 विकेट से जीता हासिल कर टूनार्मेंट जीत लिया।

गाजियाबाद सिटी सूरमाज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में तीन विकेट पर 71 रन बनाए। बल्लेबाज आलोक गुप्ता ने 32 रन बनाए। गेंदबाज आलोक सिंह और मनीष सिंघल ने एक-एक विकेट लिया। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी ग्रेटर पैंथर ने मात्र पांच ओवर में बिना विकेट गंवाए 73 रन बनाकर टूनार्मेंट जीता। बल्लेबाज आलोक सिंह ने 30 और करन ने 16 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड आलोक सिंह को मिला।

# प्रकृति फाउंडेशन द्वारा संचालित शिवमय भारत मिशन के तहत एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




वसुंधरा, प्रकृति फाउंडेशन द्वारा संचालित शिवमय भारत मिशन के तहत एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा देवाधिदेव महादेव का प्यार पौधा बेलपत्र हर घर के आगे लगे और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करें प्रेस वार्ता में शिव मय भारत मिशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद पांडे प्रकृति रूपा भाई ने पत्रकार बंधुओ को दिया जानकारी दी की बाबा का यह दिव्य पौधा बेलपत्र संपूर्ण मानव जाति संपूर्ण प्रकृति का एक अमूल्य पौधा है जिसे लगा करके हम अपने आप का सुरक्षा कवच तैयार कर सकते हैं जिस घर के आगे या बेलपत्र का पौधा यानी की प्रकृति शिवालय होगा उसे घर का सुरक्षा चाहे वह आध्यात्मिक की दृष्टि से हो आयुर्वेद की दृष्टि में हो पोषण की दृष्टि में हो पर्यावरण प्रकृति की दृष्टि में हो सबके लिए बहुत ही उपयुक्त है प्रकृति रूप भाई ने बताया की महाकुंभ के आयोजन के पहले हमने हवन यज्ञ करके संपूर्ण भारतवासियों से अपील की थी की आप लोग कुंभ अवश्य नहाए और जो कुंभ नहाने जाए वह बाबा का एक बेलपत्र का पौधा अपने घर किया गया उसे लगे जिससे हमारा शिव मय मिशन का लक्ष्य 11 करोड़ पौधे 11 करोड़ घरों के आगे लगाने का पूरा हो सके इस संदर्भ में एक नया महाकुंभ जो शिवमय भारत के नाम से संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध है उसमें एक बेलपत्र का पौधा लगाकर के आप सफल बनाएं और आने वाले महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एक बेलपत्र का पौधा लगाए और देवाधिदेव महादेव का विशेष कृपा दूसरे शब्दों में प्रकृति रूप भाई ने बताया कि यह दिव्य पौधा हमारे सृष्टि के लिए हमारे भविष्य के लिए बहुत ही आवश्यक है और इसे हम लोग अवश्य लगे प्रेस वार्ता में सहयोगी लोगों में शिवमय भारत मिशन के विशेष सहयोग कुलदीप शर्मा जी, श्रेयांशी सिंघानिया उपस्थित थे,

# निवेश में फायदा होने का झांसा दे 18.69 लाख की धोखाधड़ी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। निवेश के नाम पर साहिबाबाद के श्यामपार्क के नवीत राज को साइबर ठगों ने 18.69 लाख की चपत लगा दी। ठगों ने पहले 20 हजार अपने खाते में ट्रांसफर कराए। फिर विश्वास दिलाने के लिए 4700 रुपये मुनाफा बताकर नवीत के खाते में भेज दिए। इससे उनका विश्वास बढ़ गया। मामले में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्जकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

नवीत राज ने बताया कि उनके पास छह जनवरी को फोन आया था। बात करने वाले ने खुद को निवेश कंपनी का अधिकारी बताया। ठग ने कहा कि वह छह माह में ही रकम को दोगुनी तक करा देते हैं। उनके पास बाजार के विशेषज्ञ हैं, जो पैसे को बड़ी कंपनियों में लगाकर मैनेज करते हैं। उसने किसी दूसरे व्यक्ति से भी उनकी बात कराई। जिसने खुद को कंपनी का बड़ा अधिकारी बताया। ठगों ने उनको कुछ एप डाउनलोड कराए। कुछ दस्तावेज भी मंगवा लिए। शुरूआत में उनसे 20 हजार रुपये भेजने को कहा। इसके बाद उनको 4700 रुपये मुनाफा बताकर उनके खाते में भेज दिए गए। इसके बाद उनका विश्वास बढ़ गया। फिर ठगों ने उनसे 13 बार में 18.69 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। डाउनलोड किए गए एप के वॉलेट में मुनाफा तो दिख रहा था, लेकिन प्रयास के बाद भी पैसा नहीं निकल पा रहा था। बात करने पर ठगों ने कहा कि उनको टैक्स के रूप में और पैसा जमा करना पड़ेगा। लेकिन उनके पास और पैसे का इंतजाम नहीं था। जब ठगों को लगा कि और पैसा नहीं मिलेगा तो उन्होंने संपर्क तोड़ दिया। डाउनलोड कराए गए एप ने भी काम करना बंद कर दिया। इसके बाद उनको ठगी का पता चला। इस बारे में एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि जिस खाते में रकम गई है, उसके जरिये आरोपियों की पहचान की जा रही है। खाते में जमा रकम के बारे में जानकारी की जाएगी।

## चोरी, झपटमारी, खोए 125 मोबाइल बरामद



गाजियाबाद। नगर जोन पुलिस ने सेंट्रल इक्वीपमेंट आइडेंटीटी रजिस्ट्रर पोर्टल पर की गई शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए करीब एक माह की मेहनत बाद 125 मोबाइल को बरामद किए। ये मोबाइल झपटमारी, चोरी, खोए हुए थे। पुलिस लाइन स्थित परमजीत सभागार में डीसीपी नगर राजेश कुमार ने मोबाइलों को उनके धारकों को रविवार को सौंपा। मोबाइल पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। नगर जोन डीसीपी राजेश कुमार ने बताया कि पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायतों पर पुलिस ने गंभीरता से काम किया। एक माह के प्रयास के बाद 125 मोबाइल को बरामद कर लिया गया। इन मोबाइलों को धारकों को सौंपा गया। इनकी कीमत करीब 25 लाख रुपये है। सबसे ज्यादा 60 मोबाइल सिहानीगेट थाने के मिले हैं। इसके अलावा 23 मोबाइल कोतवाली क्षेत्र, सात मोबाइल विजयनगर, 11 मोबाइल नंदग्राम, कविनगर के 20 व मधुबन बापूधाम के 04 मोबाइल हैं। अन्य शिकायतों पर भी पुलिस काम कर रही है। उनको भी बरामद करने का प्रयास है।

## लूट करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस पर हवा-हवाई रेस्टोरेंट के पास पेट्रोल पंप से बृहस्पतिवार की रात को तेल लूटने वाले एक और आरोपी विकास निवासी दौलतपुर, नरसैना, बुलंदशहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि विकास पूर्व में इसी पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। उसके साथ बहादुरगढ़ हापुड़ का सुमित व हापुड़ के पलवाड़ा का रजत भी सेल्समैन था। तीनों को वेतन नहीं मिला था, जिसकी वजह से उनमें नाराजगी थी। योजना के तहत तीनों कार लेकर पंप पर पहुंचे और तेल लूट लिया। सुमित को कार सहित पुलिस ने शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। रजत की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है। तीनों ने एक बार नौ हजार का तो दूसरी बार में 25 हजार का डीजल व पेट्रोल लूटा था। नौ हजार के डीजल, पेट्रोल लूट की उन्होंने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी थी।

# पीडीए चर्चा अभियान का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चाय पर पीडीएचर्चाअभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चौधरी महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित के द्वारा काम तारों के बीच में जाकर पीडीएचर्चाअभियान का आयोजन किया गया मनोज पंडित ने बताया 2012 से 17 तक जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी रोज के कमतर लोगों के लिए बैटरी साइकिल बेरोजगारी भत्ता अखिलेश यादव के द्वारा दिया जाता था अपने संबोधन में संजीव चौधरी ने कहा गरीब मजदूर किसान बेरोजगार रोज के काम दारू की आवाज समाजवादी पार्टी ही उठा सकती है और उनका भला समाजवादी पार्टी में ही है सभी लोगों ने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो हम लोगों को भी साइकिल बैटरी इन्वर्टर और बहुत सारी योजनाएं थीं जिनका लाभ हमें मिलता था और आज सभी योजनाएं बीजेपी की सरकार में बंद हो गई है सभी लोगों ने कहा आने वाले समय में हम सभी एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को वोट देंगे और 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे क्योंकि जितनी योजनाएं अखिलेश यादव जी की सरकार में आती थी उतनी योजनाएं गरीबों हित की अब नहीं आती हैं कार्यक्रम में उपस्थित संजीव चौधरी मनोज पंडित हिमांशु शर्मा तुषार आर्यन आदर्श गुड्डू पंडित फिरोज अहमद बबलू सचिन मुक्लाल श्यामलाल कपिल नितिन राहुल गोलू हिमांशु अन्य साथी गढ़

# एमआईईटी कुमाऊं में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन, सतत विकास पर होगी चर्चा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

हल्द्वानी। रामपुर रोड स्थित एक होटल में एमआईईटी कुमाऊं कॉलेज द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की जानकारी दी गई। यह दो दिवसीय सम्मेलन 24 और 25 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिसे उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूएसर्क) के सहयोग से किया गया है। सम्मेलन का मुख्य विषय "सतत विकास के लिए कृषि विज्ञान, एसटीईएम और स्वास्थ्य में उभरते रुझान" होगा।




कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुण सक्सेना, प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एस. बिष्ट, एसीआईसी देवभूमि फाउंडेशन के सीईओ डॉ. कमल रावत और मीडिया हेड अजय चौधरी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि इस सम्मेलन का आयोजन कुमाऊं विश्वविद्यालय (नैनीताल), उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (हल्द्वानी), सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय (अल्मोड़ा), और हेमवती नंदन बहुगुणा मेडिकल एजुकेशन यूनिवर्सिटी (देहरादून) के सहयोग से किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट (नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा) एवं पूर्व रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार। गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. डॉ. सतपाल सिंह, कुलपति, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा,

गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. डॉ. संजय कुमार, निदेशक, उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी रहेंगे।

सम्मेलन में 8 प्रमुख विषयों पर 300 से अधिक शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे, जबकि 800 से अधिक प्रतिभागी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा, 28 प्रमुख वक्ता विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका, चीन, अमेरिका, रूस सहित कई देशों के शोध पत्र शामिल किए गए हैं, जिससे यह एक वैश्विक स्तर का शैक्षिक मंच बनेगा।

डॉ. तरुण सक्सेना ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश-विदेश में हो रहे शोध कार्यों को उत्तराखंड के सतत विकास से जोड़ना है। इस आयोजन से वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच मिलेगा, जहां वे नवीनतम शोध और खोजों पर विचार-विमर्श कर सकेंगे।

यह सम्मेलन वैज्ञानिक अनुसंधान और सतत विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे उत्तराखंड और संपूर्ण देश को नई दिशा और संभावनाएं मिलेंगी।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।